अध्यक्ष महोदय, आपको भी जैसे पता है कि गुहाना तहसील में सब से ज्यादा गन्ना पैदा होता है लेकिन किसान जो है वह कंफयूजड है कि वह अपना गन्ना कौन सी मिल में ले जाए, पानीपत की मिल में ले जाए, रोहतक की मिल में ले जाए या सोनीपत की मिल में ले जाए, कहा ले जाए । सरकार को कोआपरेटिव सरकारी मिलें लगानी चाहिये ताकि गन्ना बेचने में किसान को आसानी हो सके । जहां सरकार जगह जगह पर मिलें लगा रही है क्हं सरकार गोहाने की तरक्की के लिये भी कुछ ध्यान दे जोकि बैकवर्ड प्रिया है, जहां पर कोई इंडस्ट्री नहीं है । अध्यक्ष महोदय, वैसे वहां के लोग बड़े हिम्मती हैं, उन्होंने अपने मामूली से साधनों से ही एक निवार की इंडस्ट्रीज गोहाना में लगा रखी हैं और दो या ढाई करोड़ रुपये की निवार एक्सपोर्ट की है, यह तौ उनरू लोगों की अपनी हिम्मत थी जो आगे निकल गये अगर

सरकार उस इलाके के हिम्मती लोगों का थोड़ा सा साथ दे तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उस इलाके के लोग सारे हरियाणा का नाम दूसरे प्रान्तों में, दूसरे देशों गे ऊँचा कररू सकेंगे । जैसे मुख्य मन्त्री महोदय ने कहा था कि हम लैन्डलैस लोगों को, जिनके पास कोई जमीन नहीं है, कोई साधन नहीं हैं, काम धन्धा देने के लिये एक निगम बना रहेहैं तौ मुझे इस काम से बड़ी खुशी है कि सरकार ऐसे उत्तम कदम उठाने जा रही है, इससे हरियाणा के अन्दर काफी हद तक बेरोजगारी खत्म हो जाएगी और जो लैन्ड लैस आदमी हैं, जो सहमा हुआ बैठा है, सरकार की ऐसी नीति से उस में हौसला आएगा, वह आगे बढ़ेगा और देश व अपने प्रान्त का नाम ऊचा करेगा । और दूसरी तरफ देश में गरीबी दूर करने के लिये हमारी मोहतरिमा प्रधान मन्त्री श्रीमती गांधी ने अपने 20 सूत्रीय कार्यक्रम को लागू करने का आदेश दिया है, कदम उठाया है और उन पर अमल करने से ही यह देश की गरीबी दूर हो सकेगी, जिसके लिये हमारी हरियाणा सरकार वचनबद्ध है । हरियाणा प्रदेश सबसे पहला प्रदेश है जिसने प्रधान मन्त्री के 2० सूत्रीय कार्यक्रम को लागू करने के लिये अपने बजट में इस का विवरण दिया है और दृढ़ निश्चय किया है कि इस 20 सूत्रीय कार्यक्रम पर बड़ी शीघ्रता और कठोरता से अमल किया जाएगा । (इस समय उपाध्यक्षा चेयर पर आई) आज सरकार ने मजदूर की मजदूरी बढ़ाई है यह बहुत अच्छी बात है. पानी के लिये, खेतीबाड़ी के लिये खाद का उचित दरों पर प्रबन्ध किया गया है ताकि लोगों को इससे राहत मिल सके । और दूसरे कई

छोटे–छोटे धन्धे भी जैसे नू में, भिवानी में बनकरों के लिये सोसाइटीज बनाई गई हैं अतः इस तरह की सोसाइटीज हरेक जिला में होनी चाहिये । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज बुनकरों का जो धन्धा था, उसको आज बिडला ने अपने हाथ में ले लिया है और दूसरे कई ऐसे गरीब आदमियों के काम धन्धे हैं जो पैसे के जोर से मिल मालिकों ने अपने हाथ में ले लिये हैं, हम यह चाहते हैं कि लुहार का जो काम था वह लुहार के गाम रहे. टाटा के पास क्यों जाए जो कुम्हार का काम है वह कुम्हार के पास रहे, वह बाबा के क्यों जाए. मोची का जो काम है वह मोची के पास जाए बाटा क्एरू पास क्यों जारा तो यह सभी बातें तभी सम्भव हो सकती हैं जबकि हम गरीब आदमी को पैसे से दूसरे साधनों से सुसज्जित करें ताकि गरीब आदमी अपने धन्धों को दुबारा अपने हाथों में ले सकें क्योंकि आज अमीर आदमी ने अपने पैसे के जोर से सभी छोटे–छोटे धन्धे अपने हाथ में ले लिये हैं और वह उन को बढ़ा कर लाखों करोड़ों और अरबों रुपये कमा रहा है और दूसरी ३ तरफ गरीब आदमी अपने बच्चों को पालने के फिकर में लगा हुआ है । एक मोची अच्छे से अच्छे जूते बना सकता है लेकिन कमी एक बात की है कि उसके पास कोई साधन नहीं हैं., अतरू वे सभी साधन सरकार मुहैया करे और उस गरीब का बना हुआ माल सरकार खरीदे और अपने उसके स्टोर बनें । जहां कोआपरेटिव सोसाइटीज हैं उस गरीब आदमी का माल वहां जाए । बेचारा कर्जा वगैरह उठाकर माल तो तैयार कर लेता है लेकिन उससे होता क्या है कि उसका माल उठाने वाला कोई नहीं होता

अतरू मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इन छोटे लोगों को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिये । सरकार ने कर्जे का बिल लाकर यह तो अच्छा किया कि गरीब आदमियों को उनके चंगुल से निकाला गया लेकिन पैसा उसको मिलना चाहिये और उस पैसे से जो वह पैदा करे उसके लिये सरकार की जिम्मेदारी हो कि वह माल स्टोरों और एम्पोरियमों में जाए और जितने हम लोग हैं हम भी अपना इरादा यह बना कर जाएं कि हुमने गरीब मोची के माल को खरीदना है । महात्मा गांधी जी ने भी स्वदेशी कपडा पहनने के लिये नारा लगाया था क्योंकि विदेशी कपड़ा खरीदने के साथ हमारा बहुत सारा पैसा इंग्लैंड चला जाता था । गांधी जी ने स्वदेशी कपड़े के लिये नारा इसलिये लगाया था ताकि यहां का पैसा यहां ही रहे । तो मैं समझता हूं कि हमारे वित्त मन्त्री महोदय ने बजट तैयार करते समय हमारी प्रधान मन्त्री के बीस सूत्री प्रोग्राम को ध्यान में रखा है और मुझे उम्मीद है कि अगर ऐसे ही बजट आते रहे तो एक दिन हरियाणा का नक्शा बदल जाएगा और प्रधान मन्त्री का जो बीस सूती प्रोग्राम है इसको सफल बनाने में हरियाणा सबसे पहले नम्बर पर होगा और इस प्रोग्राम को अमली जाना पहना कर गरीबी को दूर करने के लिये हरियाणा पहले नम्बर पर होगा । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

11.00 बजे

श्री के ० एन० गुलाटी (फरीदाबाद) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो बिल इस समय हमारे सामने है मैं भी इसको पास करने के हक में खड़ा हुआ हूं । मैं आपकी मार्फत यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार बहुत अच्छे ढंग से काम कर रही है, बहुत अच्छा बजट हमारे सामने है और मैं तो यह समझता हं कि हमारी हरियाणा सरकार, चीफ मिनिस्टर साहब और सारे मिनिस्टर साहिबान दिन रात एक करके, अपनी सारी ताकत लगा कर और उसके साथ साथ सारे एम ० एल० एज० की बातें सुन कर, उनके दिल और दिमाग की बात सुन कर फिर कोई स्कीम बनाती है । इन्हीं स्कीमों के असर से आज हमारा हरियाणा हर पहलू से सब से आगे है । कुछ हमारे विरोधी भाई खामखाह नुक्ताचीनी करते रहते हैं । उनको चाहिये कि वे अच्छाई की तारीफ करें और जहाँ किसी छोटे मोटे सुझाव की जरूरत हो बहु दें । लेकिन उनकी तो हूर काम में नुक्ताचीनी करने की आदत हो गई है । मैं इस बिल की भी तारीफ करता हूं और सरकार की भी तारीफ करता हूं कि उसने इतना अच्छा बजट तैयार किया हए । इसलिये मैं चाहूंगा कि यह बिल पास किया जाए । इसके बाद मैं कुछ बातें आपकी मार्फत कहना चाहूंगा । टैक्सेशन के बारे में कहना चाहता है कि हुमारे सेल्ज टैक्स का यूनिफार्म रेट बनाया जाए । जो हमारे साथ लगती दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, राजस्थान और यू ० पी० की स्टेटें हैं इनके साथ हमारा सेल्ज टैक्स का यूनिफार्म रेट होना चाहिये ।

इसके बाद मैं प्रोफैशनल टैक्स के बारे में अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे पब्लिक सैक्टर में बहुत एम्पलाईज हैं जिन पर प्रोफैशनल टैक्स लगता हए मैं चाहता हूं कि इसका खत्म कर दिया जाए या बीस सूजी प्रोग्राम को ध्यान में रखते हुए जैसे इन्कम टैक्स को खत्म कर लिमिट 6 हजार से बढ़ा कर दम हजार कर दी गई है उसी तरह प्रोफैशनल टैक्स भी दस हजार से ऊपर लगना चाहिये । इसके बाद मैं यी चाहता हूं कि हाउस टैक्स और प्रोपर्टी टैक्स को मिला कर एक कर दिया जाए । मेरा अगला प्वांयट यह है कि फरीदाबाद में सेल्ज टैक्स के दफतर अलग अलग जगह पर हैं अगर उनको एक जगह इकटठा कर दिया जाए तो अफसरों का आपस में तालमेल रह सकता है इसलिये जल्द से जल्द वहां पर एक सेल्ज टैक्स आफिस बना दिया जातु । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं हैल्थ के बारे में अर्ज करुंगा कि आज हैल्थ डिपार्टमैंट पर बहुत खर्चा किया जा रहा है । मैं देखता हूं कि आज होम्योपैथिक इलाज पर बहुत कम खर्च होता है और यह इलाज इस वकत बहुत कामयाब भी है, इसलिये इस तरफ सरकार ध्यान दे । बजट में नई एलोपैथिक डिसपैसरियां खोलने के लिये प्रोवीजन रखी गई है और मुझे उम्मीद है कि फरीदाबाद और बल्लभगढ को इग्नोर नही किया जाएगा । इससे आगे मैं यह अर्ज करूंगा कि जहां जहां हस्पतालों में स्टाफ की कमी है और खास तौर पर क्लास वन और टू को यहां वहां पर यह स्टाफ फौरन भेज दिया जाए । इसके बाद मैं फैमिली प्लानिंग के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि यह कानून बना दिया जाए कि जो खुशी से

आप्रेशन करवाना चाहे उसका आप्रेशन किया जाए, जबरदस्ती न की जाए । मैं चाहूंगा कि फैमिली प्लानिंग के लिये. एक सैल बिस्कूल सैपरेट होना चाहिये जो सिर्फ फैमिली प्लानिग का काम करे ताकि दूसरे मुलाजिमों को की कर दिया जाए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब मैं फूड एंड सप्लाई के बारे में कहना चाहता हूं किसी भेंट के परमिट के लिये 15– 15 दिन लग जाते हैं जबकि आज कल सीमेंट की पोजीशन ठीक हए इसलिये मैं चाहता है कि सीमेंट की डिस्ट्रीब्यूशन फ्री कर दी जाए जिससे कि लोगों को भी सहूलियत मिलेगी और महकमे वाले भी अपना कोई और काम कर सकेंगे । इसके बाद मैं डिपोज के बारे में बात करना चाहता हूं कि डिपो होल्डर्ज को दाल और चीनी में मार्जिन. आफ प्रोफिट बहुत कम है । मैं चाहूंगा कि मार्जिन आफ प्रोफिट बढ़ा दिया जाए ताकि डिपो होल्डर ईमानदारी से काम कर सकें । थोडा मार्जिन होने की वजह से या तो वे बेइमानी करते हैं या कोई साइड बिजनैस करने लग जाते हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा फरीदाबाद के डी० एफ० एस० ओं ० के दफ्तर की बिल्डिग के बहुत कम कमरे हैं और वहां फोन भीनहीं–है–... इसलिये सरकार से मेरी प्रार्थना है कि इस ओर भी ध्यान दिया जाए । इसके बाद जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में थोड़ा सा कहना चाहता हू कि एस० डी ० ओ० सिविल और एस० डी० एम० की एक ही पोस्ट है जिसकी वजह से अफसर के पास बहुत काम रहता है और काम पीछे पड़ जाता है इसलिये मैं चाहूंगा कि ये

पोस्टें अलग अलग कर दी जाएं तो ज्यादा तेजी से काम चल सकेगा । इसके बाद एस० ए० एस ० के जो सीनियर आडिटर हैं उनकी जो सी० आर० है वह फाइनैसं डिपार्टमैंट लिखे न कि उनके सीनियर अफसर । इस कारण से कई जगह आपस में झगड़ा हो जाता है जिसकी वजह से सरकारी काम में रुकावट आती है । अगर फाइनैसं डिपार्टमेंट वाले उनकी सी० आर० लिखें तो अच्छा रहेगा और सरकार को भी रैवेन्यू का फायदा होगा क्योंकि वे मिल जुल कर काम करेंगे इसलिये ज्यादा फायदा होगा । इसके बाद मैं यह चाहता हूं कि पैनशन के मामले में बहुत देर लग जाती है हुसके लिये ए० जी० और कंसर्न्ड डिपार्टमैंट को मिल कर तेजी से काम करना चाहिये ताकि रिटायर होने वाले आदमी को तकलीफ न हो । जहां तक डोनेशज और लोन्ज का संबंध है, एच ० एस० इ ० बी० और दूसरे डिपार्टमैंटस के लिये सरकार लोन लेती है, ठीक है चूंकि जरूरत पड़ती है लेकिन मैं चाहूंगा कि इसके लिये भी सैपरेट सैल हो और इसके लिये सबडिवीजज के दूसरे अफसर काम न करें । इससे भी काम में तरक्की होगी और डोनेशज और लोन्ज ज्यादा इकट्ठे होंगे । इसके बाद पब्लिक हैल्थ और बी ० एंड आर० को जो काम सौंपा जाता है वह टारगेट के अन्डर नहींहो पाता, मैटीरियल सही नहीं लगता और ट्रेनिंग ठीक नहीं चलती तो इसके मुताल्लिक भी ध्यान दिया जाए । कुछ काम तो इन डिपार्टमैंट्स में बहुत अच्छे चल रहे हैं लेकिन उनको ज्यादा तेजी से चलाने के लिये मैं यह सुझाव दे रहा हूं । 19 सैक्टर में काफी देर पहले लोगों ने प्लाट के पैसे

जमा करवा दिए हैं और डिमारकेशन की जा रही है लेकिन अभी तक प्लाट्स नहीं दे सकी । मैं सरकार से अर्ज करना चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी डिमारकेशन करवाकर लोगों को प्लाट दिए जाए । अगर कोई अड़चन हो तो जो पैसा उन से लिया है उस पर कम से कम सूद ही दे दिया जाए । वह दरम्याना तबका है, गरीब है, या तो उनको प्लाट दे दिए जाएं या उनकी रकम का सूद दे दिया जाए ।

अगली बात यह है कि शॉप–ऐक्ट को पूरी तरह लागू' किया जाए । संडे को दुकानें पूरी तरह से खुली होती हैं और लेबर इनपैक्टर के पास इतना टाईम नहीं होता कि सारी दुकानों को चौक करे । मैंने देखा है कि 50 परसैटं दुकाने संडे वाले दिन खुली रहती हैं ।

मैं सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि एक शाप–इन्स्पैक्टर और होना चाहिए । इसके इलाया फरीदाबाद में एक. ही लेबर कोर्ट है । काम ज्यादा है इसलिए एक की बजाए दो लेबर कोर्ट की जाएं ।

स्पीकर साहबो फरीदाबाद में रीहैबिलिटेशन के लिए सैन्ट्रल गवर्नमेंट की जमीन है । जब तक वह जमीन स्टेट गवर्नमेंट के पास नहीं आ जाती तब तक वाटर सप्लाई और सैनिटेशन में तेजी से तरक्की नहींहो सकती । पंडित चिरंजी लाल जी एक दो मीटिंग्ज में भाग ले चुके हैं लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला ।

मैं सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि जल्दी से जल्दी इस जमीन को ले ले ताकि सैनिटेशन और वाटर सप्लाई का काम तेजी से हो सके ।

एक बात मैं सोशल वैल्फेयर के बारे में कहना चाहता हू । वहां पर बैगर हाउस है । उसका स्टाफ तो पूरा है लेकिन बैगर्ज नहीं है । जो बैगर्ज हैं वे मंगल और शनिवार के दिन मार्किट में घूमते रहते हैं । मैं सरकार से कहूंगा कि सोशल वैल्फेयर और पुलिस' डिपार्टमैंट आपस में कोआर्डिनेशन करके बैगरी–एक्ट के तहत ज्यादा से ज्यादा बैगर पकड़े और उन से काम लें ताकि वे बाजार में मांगते न फिरें । इसके इलावा फरीदाबाद के सेवा सदन भवन की बाउंडरी–वाल टूटी हुई है जिसकी वजह से उसमें चोरियां होती हैं । इसलिए सरकार उस बाउंडरी–वाल को बनवाए ताकि उस में रहने वाली औरतें सुख का सांस ले सकें ।

हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के जो आफिस हैं उन का शनिवार को खुलने का टाईम अलग अलग है । एस० डी० ओ० औररू एक्स०ई० एन० का आफिस शनिवार को खुलता है जबकि चण्डीगढ और एस० इ ० के आफिस बन्द रहते हैं । या तो सारे बन्द रहें या सारे खुलें । अलग अलग समय पर खुलने से काम में रुकावट पड़ती है । इसलिए सरकार से प्रार्थना है कि या तो सब दफतर शनिवार को खुलें या बन्द हों, एक ही नीति अपनानी चाहिए । इसके इलावा वहां एक झाडसेतली गांव है जिसमें बिजली के कुनैक्शन–घर की लाईट के लिए, स्ट्रीट की लाईट के लिए

और एग्रीकल्चर के लिए जो बिजली देते हैं उसका कुनैक्शन एक ही है जिससे कई बार ब्रेक–डाउन हो जाता है । इसलिए घर की लाईट के, स्ट्रीट लाईट के और एग्रीकल्चर लाईट के कुनैक्शन अलग अलग कर दिए जाएं । रात को वैसे ही वोल्टेज कम हो जाती है, इसलिए उसकी वोल्टेज भी बढ़ा दी जाए।

जहां तक इंडस्ट्रीज का ताल्लुक है, अब सब चीजों का आराम हो गया है । हिन्द सरकार का और हरियाणा सरकार का बहुत अच्छा स्टाफ है जिन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी । लेकिन स्टीम–कोल की बड़ी तकलीफ है । स्टीम कोल हर फैक्टरी में बड़े खुले दिल से देना चाहिए ताकि लेबर फले फूले ।

स्पीकर साहब, फरीदाबाद मार्केट कमेटी के बारे में कहा जाता है कि उसकी बड़ी आमदनी है । ठीक है आमदनी है लेकिन ओल्ड फरीदाबाद, एन० आई० टी० की सब्बी मदनी और अनाज मण्डी की हालत बहुत खराब है । इस पर ज्यादा खर्च किया जाए और लिंक रोड्ज कुनैक्ट करके इसकी हालत को सुधारा जाए । बहां परएक एक्स–सैनिक सोसायटी है जो कोआप्रेटिव बेसिज पर चल रही है । उसके दो हजार के करीब मेम्बर हैं जिसमें ज्यादा तर एक्स–सर्विस मैन हैं । ये सब गरीब आदमी हैं इन से पैसा इकट्ठा करके सोसायटी ने 20 लाख रुपये की जमीन खरीदी और कहा कि प्लाट देंगे । सोसायटी ने पैसा खर्च कर दिया जमीन खरीद ली और ये गरीब आदमी पिछले छः साल से तड़प रहे हैं, न उनको प्लाट देते हैं और न पैसा । उन दो हजार मैम्बरों ने

अपने खून पसीने का पैसा दिया है, या तो सरकार उनको कानूनी ढंग से प्लाट ले कर दे या उस जमीन को एक्वायर करके मेम्बरों का पैसा वापिस करे । मैम्बर पिछले छ साल से तड़प रहे हैं, सोसायटी पर एक्शन लिया जाए और गरीब एक्स–सर्विस मैन के खून पसीने की कमाई को वापिस करवाया जाए ।

इसके इलावा फरीदाबाद में एक कंज्यूमर स्टोर है जिस पर साढ़े तीन लाख रुपया खर्च हुआ है लेकिन उसका प्रौफिट बहुत कम है । इसकी पेपर पर इन्कवायरी हो रही है और मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि इस केस को जल्दी से जल्दी फानेलाइज किया जाए और जिस व्यक्ति ने गड़बड़ की है उस पर रिस्पासिबिलिटी फिक्स की जाए ।

टूरिजम डिपार्टमैंट ने हरियाणा के अन्दर बहुत शानदार काम किया है । टूरिजम डिपार्टमैंट ने हरियाणा को सारे भारत में चमकाया है । मैं एक बात और आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि फरीदाबाद ओल्ड में जो एक तालाब है, सरकार उसकी तरफ ध्यान दे और उसे तालाब से लेक बना दिया जाए ताकि लोग फायदा उठा सकें । बडखल लेक से सिर्फ दिल्ली वाले धनवान लोग ही फायदा उठाते हैं, गरीब लोग नहीं उठाते । इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि उस तालाब को लेक बना दिया जाए ।

मैं थोड़ा सा फरीदाबाद कम्पलैक्स के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । यह कम्पलैक्स 1971 में बना था इससे पहले

म्युनिसिपल कमेटी थी । वहां पर 1966 के पहले जो खोखे लगे थे उन को ही दुकानें दी जा रही हैं लेकिन जो 1971 से पहले लगे हैं उन को नहीं दी जातीं । मैं चाहता हू कि 1971 तक जितने भी खोखे लगे थे उन सब को दुकानें दी जाएं इससे 20 सूत्रीय कार्यक्रम को ताकत मिलेगी । 1966 से पहले के जो खोखे हैं उन को दुकानें दी जाती हैं और बाकियों को उजाड़ दिया जाता है । इसके इलावा रेढी वालों को लाइसैसं नहीं दिए जाते बिजनैस बढ़ाने के लिए जरूरी है कि रेढी वालों को लाईसैसं दिए जाएं । अगर लाईसैंस नहीं मिलते तो इससे एक तो टैक्स का नुक्सान होता है और दूसरे 20 सूत्रीय कार्यक्रम को नुक्सान पहुंचता है । 20 सूत्रीय कार्यक्रम को समझना चाहिए और जो लाइसैसं मांगे उसको देना चाहिए ।

स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि जहां जहां लोकल बाडीक का स्टाफ कम है वहां भेजते हैं । फरीदाबाद ओल्ड के लिए एक थर्ड एड– मिनिस्टेटर की जरूरत है । उसके फण्ड्ज रिजर्व हैं, सरकार वहां एक एडमिनिस्ट्रेटर भेज दे । मैं एक बार फिर बिल की हिमायत करता हूं कि हरियाणा सरकार बढ़े अच्छे ढंग से शानदार काम कर रही है, इसमें कोई कमी नहीं । कोई भाई इसकी नुक्ताचीनी न करे बल्कि सुझाव के रूप में अपने ख्यालात सदन में रखे तो ठीक रहेगा ।

श्री जोगी राम (राजौंद) : स्पीकर साहब, मैं सदन के सामने प्रार्थना करूंगा कि जो हमारे अपोजीशन के भाई नुक्ताचीनी करते हैं, वे बेमायनी करते हैं । (व्यवधान)

Mr. Speaker : No interruptions. Let him speak.

श्री जोगी राम : हमारी स्टेट में बहुत अच्छा काम हुआ है, बहुत तरक्की हुई है और आगे भी होनी चाहिए । स्पीकर साहब, बहुत सी दूसरी स्टेटों में मैं भी गया और मैंने देखा कि उन सब स्टेटों में हमारा हरियाणा सोने की चिडिया है । 1966 से पहले, हमारा हरियाणा हर स्टेट से पीछे था और पिछड़ा हुआ था और अब सब से आगे है । स्पीकर साहब, मैं सदन का ज्यादा समय न लेता हुआ यही प्रार्थना करूंगा कि बहुत से लोग कहते थे कि हर जगह सड़कें नहीं पहुंची, यह नहीं हुआ वह नहीं हुआ । मैं कहता हूं कि हरियाणा में बहुत तरक्की हुई है, हर एक जगह सड़के पहुंची हैं, हर जगह पक्की नहरें पहुंची हैं जिससे जमींदार को, किसान को बहुत ज्यादा फायदा हुआ है । पहले नहरें पक्की न होने के कारण कट जाती थीं और जमींदार को पानी का बड़ा नुक्सान होता है । स्पीकर साहब, पक्की नहर होने से किसानों और जमींदारों को बड़ा फायदा है । मुझे खुशी है कि हमारी सरकार और हमारा मंत्रिमंडल मिलजुलकर अपना काम बहुत अच्छी तरह से कर रही है । स्पीकर साहब, मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी प्रधान मन्त्री जी ने जो बीस सूत्री कार्यक्रम रखा है उससे हर आदमी को फायदा पहुंचा है, हर गरीब को लाभ

पहुंचा है । स्पीकर साहब, आपके द्वारा मेरी सरकार से एक छोटी सी डिमांड है कि हमारे डिस्ट्रिक्ट जींद के अन्दर एक शुगर मिल अगर लग जाए तो उससे वहां के जमींदारों को बड़ा फायदा पहुंचेगा । वहां बहुत अच्छा गन्ना होता है । मेरी सरकार से यी भी प्रार्थना है कि गन्ने की अच्छी कीमत . किसान को मिलनी चाहिए ।

स्पीकर साहब, हमारे अपोजीशन के भाई फिजूल ही नुक्ताचीनी करते रहते हैं । (विघ्न) हूं तो मैं भी अपोजीशन में लेकिन हम तो हमेशा गवर्नमैंट का साथ देते रहे हैं और देते रहेगे । (सरकारी बैचों से तालियां) हमारे पिता जी ने पहले गवर्नमैंट का बहुत साथ दिया । मैं मानता हूं कि शुरू में मैंने गवर्नमैंट का साथ नहीं दिया लेकिन बाद में मैंने भी पूरी तरह से इनका साथ दिया । शुरु शुरु में हम नए नए पालिटिक्स में आए थे, हमें सारी बातों का पता नहीं था । जिस प्रकार बकरी के बच्चे को हरी डाली दिखा कर पीछे लगा लेते हैं इसी तरह से अपोजीशन पार्टी के लोगों ने भी नुक्ताचीनी करके हमें पीछे लगा लिय था । लेकिन अब हमें सब बातों का पता लग गया है और हम इनकी बातों में नहीं आते । स्पीकर साहब, मैं ज्यादा टाईम न लेते हुए आपसे माफी चाहता हूं । (सदस्य बोलने के लिए खडे हुए)

श्री अध्यक्ष लाला गौरी शंकर : (विघ्न) ये न गवर्नर ऐडैरस पर बोले हैं, न बजट पर बोले हैं और न डिमांडज पर बोले हैं ।

लाला गौरी शंकर (नरवाना) : आदरणीय स्पीकर.साहब, हमारे फाईनैन्स मिनिस्टर साहब ने जो ऐप्रोप्रिएशन बिल पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं । मैं समझता हूं कि हरियाणा सरकार का जो बजट इस दफा है वह बहुत अच्छा है और बहुत लोगों के लिए, गरीब लोगों के लिए फायदामन्द है क्योंकि यह हरियाणा की तरक्की के लिए बहुत अच्छा है । मैं इसका अनुमोदन करते हुए थोड़ी सी बातें स्पीकर साहब, अपने हल्के के बारे में कहना चाहता हूं । स्पीकर साहब, दो तीन साल से हुमारे ऐग्रीकल्चर सैक्टर में जो बीज आता है वह अच्छी क्वालिटी का नहीं आता । पता नहीं कहां से उसे खरीदते हैं । मिसाल के तौर पर दो तीन साल से बाजरे का जो सीड सप्लाई होता है वह बहुत नाकाम है, उसकी पैदावार कुछ भी नहीं हई । उससे सीटा सा निकल आता है और फूल बिगड़ जाते हैं । जिस कम्पनी से वह खरीदा गया है, चाहे वह सरकारी है या प्राईवेट है, उसके खिलाफ ऐक्शन होना चाहिए । इसके अलावा कुछ ब्लौक लेवल के कर्मचारी हैं उनके खिलाफ भी शिकायत मेरे नोटिस में आई है । वे लोग वहीं से कुछ बीज लेकर इसमें मिलाते हैं जिससे उसकी पैदावार जितनी अच्छी होनी चाहिए उतनी अच्छी नहीं होती । इस बात की पूरी तरह इन्क्वायरी की जाए कि दरअसल यह किसकी खामी है । इसके ऊपर ध्यान देकर आगे के लिए इसका पूरा इन्तजाम किया जाए ।

एक बात, इरीगेशन के मुताल्लिक भी, स्पीकर साहब आपकी मारफत मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं । हमारे यहां मुदड़ी से लेकर क्लैथ तक सारे एरिया में सेम आई हुई है । इसके लिए मैंने पहले भी सरकार से आपके द्वारा प्रार्थना की थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई । वहां पर यदि डई ट्यूबवैल्ज लगाए जाएं तो उनसे उस एरिया को ज्यादा पानी मिल सकता है क्योंकि नरवाना तहसील में खारे पानी की वजह से दूसरे लिऊबवैल्ज कामयाब नहीं हुए हैं । इसके अलावा स्पीकर साहब, मेरी आपके द्वारा सरकार से यह प्रार्थना है कि दमतान रजवाहे में पानी बढ़ा कर खरल माईनर, भौलखेडी माईनर और पीपलथा माईनर को ऐक्सटैन्ड किया जाए ताकि नरवाना तहसील में पानी की जो कमी है उसको दूर किया जाए । सर्वे करके इस पर जल्दी से जल्दी गौर किया जाए ताकि हमारे जो किसान भाईयों को पानी की दिक्कत है वह दूर हो ।

एक बात थोड़ी सी, स्पीकर साहब, मैं और अर्ज करना चाहता हूं । हमारे मुख्य मैली जी ने एक बात कही कि साहूकार के कर्जे से कई कई साल तक पिस कर लोग अब उसमें से निकल रहे हैं । मुख्य मन्त्री जी की बात तो ठीक है लेकिन इसके मुताल्लिक थोड़ी सी वातावरण की बात मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं । दरअसल बात यह थी पहले जिस वक्त यह लेन देन का सिलसिला था, हमारे अनाज की कीमतें जो थीं वह एक रुपये मन, बारह आने मन और चौदह आने मन थीं । इसके कारण

जमींदार की आय बहुत कम होती थी । मिसाल के तौर पर कोई जमींदार अगर 100 मन अनाज भी पैदा करता था तो उसकी आमदनी केवल सौ रुपये होती थी । इसमें से 80 रुपये तो उसके मामले में ही चले जाते थे । केवल बीस रुपये उसके पास बचते थे जिससे वह अपना कोई भी खर्च पूरा नहीं कर सकता था । इसके लिए उसे मजबूरन इधर उधर से सौ दो सौ रुपये कर्ज के रूप में लेने पड़ते थे । वापस न करने की वजह से यह बढ्ता रहता था । इस कर्जे का दूसरा कारण स्पीकर साहब यह था कि पहले कोई बैंक नहीं थे । न कोआप्रेटिव बैंक्स थे और न ही दूसरे वैक्स थे ।

पुश्तों से वे साहूकारों से कर्जा लेते आए थे । ऐसी कोई बात नहीं थी जो साहूकार की बेईमानी की वजह से या और बात करने की वजह से वे कर्जे खत्म नहीं होते । असल बात यह है कि एक तो उनकी आमदनी बहुत कम थी और सूद की वजह से वे बढ़ते रहते थे । मैं यह मानता हू कि एक आध परसैन्ट बेईमान आदमी सब जगह होते हैं लेकिन इससे सारी कौम पर बेईमानी आने की बात नहीं है ।

स्पीकर साहब, एक बात इंडस्ट्री के मुताल्लिक भी आपके द्वारा मैं सरकार के सामने रखना चाहता हूं । आज सरकार की जितनी भी आमदनी है वह सरकार को 80 परसैंट से भी ज्यादा टैक्स के रूप में मिलती है । जितनी भी आमदनी होती है उसमें से 55 परसैन्ट टैक्स के रूप में चली जाती है 45 परसैन्ट

इनडिविजुअल को चली जाती है, इस 45 परसैन्ट में से भी कुछ टैक्स वगैरह और लग जाते हैं । मुश्किल से 20 परसैन्ट आमदनी उसके पास रहती है । 80 परसैन्ट अपने कारखाने की कमायी का हिस्सा सरकार को देता हैं । हमारी सरकारी इन्डस्ट्री कभी भी इतनी कमायी नहीं देती है । सरकार की काफी इन्डस्ट्री कोआपरेटिव सैक्टर में लगी हुई है और सरकार और इन्डस्ट्री भी लगाने जा रही है लेकिन वे इतना मुनाफा कमा कर नहीं देती हैं जितना प्राइवेट सैक्टर वाली इन्डस्ट्री कमा कर देती हैं । इसलिए मैं सरकार से अर्ज करना चाहता हं कि जितनी कोआपरेटिव सोसाइटीज की या गवर्नमैंट की इन्डस्ट्री हैं वे इतनी कमायी नहीं देती हैं, उनको बढ़ावा देने की बजाए प्राइवेट इन्डस्ट्रीज को दिया जाये ताकि सरकार को अधिक आमदनी हो सके । ऐसा करने से लोगों को भी ज्यादा काम मिलेगा । हर जिले में और सब डिविजनल लैवल पर एक एक या दो दो बड़ी इन्डस्ट्रीज होनी चाहिए । जब तक बड़ी बड़ी इन्डस्ट्रीज नहीं होंगी तब तक स्माल स्केल यूनिट कामयाब नहींहो सकती । हमारे यहां फरीदाबाद में स्माल स्केल इन्डस्ट्री क्यों कामयाब हैं क्योंकि वहां पर बड़ी बड़ी इन्डस्ट्रीज लगी हुई हैं, उनके साथ छोटी इन्डस्ट्री भी पनप सकती है । मैं फिर अर्ज करूंगा कि सब डिविजनल लेवल पर और जिला लैवल पर बड़ी इन्डस्ट्री जरूर लगायी जायें ताकि छोटी इन्डस्ट्रीज कामयाब हो सकें ।

स्पीकर साहब, मैं एक बात और अर्ज करना चाहता हूं कि जो पुराने खागड और झोटे की नसल है वह बिल्कुल खराब है । उनको जल्दी से जल्दी खस्सी करा कर नयी नसल के झोटे खागड गांवों में छोड़े जायें ताकि अच्छी नसल के पशु पैदा हो सकें ।

दूसरे हमारा जो कोआपरेटिव डिपार्टमैंट है, उसका जो काम है वह पूरी तरह से पूरा नहीं कर रहा है । आज तक किसी भी कोआपरेटिव सोसाइटी ने कोई भी मुनाफा नहीं दिया । हमारे यहां नरवाना कोआपरेटिव सोसाइटी ने 6 लाख रुपये का गबन किया है लेकिन अभी तक कोई भी एक्शन नहीं हुआ । जितने आपके यहां सुपर बाजार हैं उनसे भी कोई फायदा नहीं हुआ है । आज तक किसी भी शेयर होल्डर को कोई भी फायदा नहीं हुआ है । तो इन कोआपरेटिव सोसाइटीज को और सुपरबाजारों को अच्छे ढंग से रिओर्गेनाइज किया जाये । जितने भी बेईमान आदमी हैं उनको इनसे निकाला जाये ।

हमारे यहां पीने के पानी की बड़ी दिक्कत है । लोन, हरनाम सिह कला गांवों में बहुत हों कडुवा पानी है । इसलिए वहां पर पीने के पानी का प्रबन्ध किया जाये ।

दूसरे हमारे यहां सड्कों की भी बड़ी दिक्कत हैं । हमारे यहां. कालन्द से टुहांना और खरडूवाल से सैमान । इन सड़कों का बनना बहुत ही जरूरी है । कुछ तो सड़क बन चुकी है

लेकिन तीन मील का टुकड़ा बाकी पड़ा हुआ है । यह टुकड़ा बनाना बहुतही जरूरी है क्योंकि सारे इलाके के लोगों को मंडी में जाने में चक्कर लगा कर जाना पड़ता है । नरवाना, टोहाना जाने के लिए 1 5– 20 मील का चक्कर लगा कर जाना पड़ता है । इसलिए. इन सड़को को जल्द से जल्द बनाया जाये । चौधरी शिव राम वर्मा अध्यक्ष महोदय.. मरा तो आपने नाम भी लिया था और यह कहा था कि टाईम मिलेगा ।

श्री अध्यक्ष : टाईम के बारे में तो मैंने पहले ही कहा था कि मेम्बर साहिबान जरूरत से ज्यादा टाईम ले गये हैं । बिजनैस एडवाइजरी कमेटी ने अप्रोप्रियेशन बिल पर डिस्कशन के लिए दो घन्टे मुकर्रर किये थे और हाउस ने वह रिपोर्ट एडोप्ट भी कर ली तो आप झउद ही देख सकते हैं कि मैंने इस साइड (अपोजीशन) वालों को ज्यादा टाईम दिया है ।

मुख्य मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : अध्यक्ष महोदय, आज भी दूसरी तरफ से कुछ ऐसी बातें उठायी गई, जिनका जवाब देना मेरे लिए जरूरी हो गया । जहां तक मेरे काबिल दोस्त चौधरी रिजक राम जी का प्रश्न है या तो वे इन सब बातों को समझते नहीं, यदि समझते हैं तो जानबूझ कर ये सब बातें कहते हैं । जहां तक पहली बात का सम्बन्ध है उसमें तो मैं विश्वास नहीं करता कि उनको जानकारी नहीं है । मैंने पहले भी अर्ज की है कि वे सयानपत (सोनीपत) के रहने वाले हैं स्याने आदमी हैं इसलिए जानते तो सब बांतें हैं । दूसरी बात हो सकती है कि वे

जान–बूझ कर कुछ बातें कहना चाहते हों या तो इसलिए कि वे विपक्षी दल के नेता हैं, कुछ न कुछ बातें कहनी ही हैं और सिर्फ नुक्ताचीनी के लिए कह देते हैं । खैर यह तो उनकी अपनी समझ हद कि वे किस दृष्टिकोण से कहते हैं, किस उद्देश्य को लेकर ये सब बातें कहते हैं परन्तु मेरा निवेदन यह है कि जहां तक उत्तराधिकारी बिल का प्रश्न है उसके बारे में मैंने पहले भी जवाब दिया था कि हम अपने विधायक दल में इस पर गम्भीरता के साथ विचार करेंगे । (तालियां) मैं यह भी सदन के नोटिस में लाना चाहता हूं कि एक बार पहले भी हरियाणा सरकार ने उत्तराधिकार बिल में कुछ संशोधन का सुझाव स्वीकृति के लिए केन्द्रीय सरकार को भेजा था परन्तु उन्होंने स्वीकृति प्रदान नहीं की । इसलिए वह संशोधन हम नही कर पाये, इसके बावजूद भी हम इस पर पुनरू विचार करेंगे और केन्द्रीय सरकार के साथ इस बारे में विचार–विमर्श करेंगे । जो भी आवश्यक संशोधन है, हम किसान के हित में, करने की पूरी चेष्टा करेंगे । (तालियां)

' जहां तक कर्जों की वसूली का सवाल है और उसेंके लिए जमीन ' बेचने की बात है इसके बारे में जैसा कि चौधरी रिजक राम जी ने अभी जिक्र किया कि कर्ज की वजह से लोग जमीनें बेच रहे हैं, मैं ऐसा नहीं समझता कि बैकों या दूसरी फाइनेन्शयल इक्टीच्यूशन के कर्ज चुकाने के लिए कोई किसान जमीन बेचता हो । मैं तो समझता हूं कि ऐसी बात नहीं है । कभी कोई एक! दो मामले गांवों में, देहातों में हो गये हों तो मैं कह

नहीं सकता । हां यह ठीक बात है कि जमीन छोटे छोटे टुकड़ों में तकसीम होती जा रही है । उसके अनेक कारण हैं जिनकी चर्चा चौधरी साहब ने भी की थी और मैंने भी जिक्र किया था ।

एक बात चौधरी रिजक राम जी ने पहले भी कही थी और उस रोज जब मैं अपनी बात सदन के सामने प्रस्तुत कर रहा था तो उस बात को टच करना भूल गया, वह बात हए आपात स्थिति के सम्बन्ध में । अध्यक्ष महोदय, चौधरी रिजक राम जी ने फरमाया कि शरीफ आदमियों के खिलाफ झूठे केसिज बनाये जा रहे हैं और जो समाज का बैड एलीमेंट है उनसे शहादतें दिलवायी जा रही हैं । अध्यक्ष महोदय, यह बात बिल्कुल गलत है ऋ निराधार है । किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कोई भी झूठा केस कम से कम हरियाणा प्रदेश में नहीं बनाया जाता है । (तालियां) किसी भी केस का कोई आधार होता है, उसका कारण होता है जिसकी वजह से मजबूर हे कर उस आदमी पर हाथ डालना पड़ता है । आज सारे हरियाणा प्रदेश में जिसकी आबादी एक करोड़ 1 3 लाख के करीब बतलायी जाती है, कुल 500 के लगभग लोग जेलों में बन्द हैं । आपात स्थिति लागू हे के पश्चात इतने लोगों को बन्द किया गया है इनमें कुछ पोलिटिशन भी हैं, राजनीतिज्ञ हैं, विरोधी दल के कार्यकर्ता हैं और समाज विरोधी तत्व भी शामिल हैं ।

एक बात मैं साफ तौर पर अर्ज करना चाहता हूं और वह यह है कि जब प्रधान मती जी ने आपात स्थिति इस देश में

लागू की तो आम जनता ने इसका भारी स्वागत किया । (तालियां) अध्यक्ष महोदय आप भी देहातों में जाते हैं और हम भी जाते हैं, लोग आज की स्थिति से कितने प्रसन्न हैं, कितने खुश हैं, यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है । जहां तक इस बात का सम्बन्ध है कि आपात स्थिति क्यों लागू करनी पड़ी इसका सब से बड़ा कारण बार बार हमारी प्रधानमंत्री जी ने, हमारे दूसरे नेताओं ने और हमने भी जगह जगह बताया है कि आपात स्थिति लागू होने से पहले देश की क्या स्थिति थी । जैसा कि अभी चौधरी रिजक राम जी ने फरमाया था कि बुनियादी अधिकारों पर छापा मारा गया । बोलने लिखने की स्वाधीनता खत्म की गई, तो अध्यक्ष महोदय आपात स्थिति का यी उद्देश्य नहीं है । बात दरअसल यह है कि लिखने और बोलने की आजादी का इतना भारी दुरूपयोग हुआ, इतना भारी गलत इस्तेमाल हुआ कि जिसकी कोई सीमा नही रही, उसकी कोई हद नहीं रही । आप अखबार उठाकर देख लीजिये । कितनी गलत बातों को प्रकाशित किया जाता था । लोगों को ब्लैकमेल किया जाता था । छोटे–छोटे कस्बों और छोटे–छोटे शहरों में बीस–बीस, तीस–तीस वीकली अखबार नये निकलने शुरू हो गये और उनका धन्धा केवल यह था कि लोगों को धमकी दी जाये और उनसे पैसा ऐन्ठा जाये । मेरी व्यक्तिगत जानकारी में कुछ मामले ऐसे हैं कि किसी व्यक्ति का किसी ठेकेदार का, किसी अफसर का, किसी कारखानेदार का थोड़ा सा जिक्र एक अंक में कर दिया और यह लिख दिया कि इसका पूरा विवरण अगले अंक में पढ़िये और अगला अंक प्रकाशित होने से

पहले ही उनकी पूजा हो जाती थी और वह चीज समाप्त हो जाती थी । और अगर पूजा नहीं होती थी तो शरीफ आदमियों की पगड़ी उछाली जाती थी यह तो छोटे–छोटे पत्रों की बात है । जो बड़े–बड़े पत हैं और जिस (प्रेस) पर पूंजीपतियों का अधिकार है, यदि आपात स्थिति से पहले का आप कोई उनका एव उठाकर देखे तो पता चलेगा कि इतना अनुचित ट्रैन्ड उन लोगों का था कि उस बात को कोई सहन नहीं करसकता । अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहता हूं कि हमारी प्रधान मन्त्री जी, हमारी कांग्रेसी सरकार, जनतनत्र में बड़ा भारी विश्वास रखती हैं, इतने सालों तक उन्होंने इतनी बेहूदा बकवास को सहन किया । यह बात तो तब करनी पडी जब देश में लोकतन्त्र को खतरा पैदाहो गया, देश की आजादी को खतरा हो गया और इस बोलने और लिखने की आजादी का इतना ज्यादा दुरूपयोग हुआ कि उसकी कोई सीमा नहीं रही । विपक्षी दल के बोलने वाले भाई क्या भाषण देते थे अध्यक्ष महोदय, चौधरी साहब को भी मालूम है कि उनमें कितनी सही बातें होती थीं और कितनी गलत बातें होती थीं । इस प्रकार की गलत बातें कही जाती थीं कि जिनका कोई आधार नहीं था । अध्यक्ष महोदय, आपको तो पता है कि ऐसी–ऐसी गलत बातें बीसों माल तक इस देश के अन्दर चलती रहीं, लोगों को भडकाया गया, उकसाया गया, लोगों कोहिमा केलिये और तोड़–फोड़ के लिये उकसाया गया । यह बातें सारे देश के अन्दर हुई । तमाम देशके वातावरण को दूषित करने के लिये और देश में हिंसा का वातावरण तैयार करनेके लिये कोई कमर नहीं उठा रग्बी गयी और

उसी के नतीजे के तौर पर मजबूर होकर आपात स्थिति लागू करनी पड़ी । आपात स्थिति लागू करने के पश्चात् आज आप देखतेहैं कि तमाम देश का वातावरण बदल रहा है, एक अनुशासन का वातावरण पैदा हो– रहा है । आज के युग के और इस समय के महान सन्त बिनोवा जी ने भी यह कहा है कि यह आपात स्थिति नहीं, यह तो अनुशासन पर्व है । (थम्पिग) तो इस आपात स्थिति लागू करने से इस देश का कितना लाभ हो रखा है, इसका आप अनुमान लगा सकते हैं । आज हमारे कालेजों और स्कूलो में ठीक ढंग से शिक्षा चल रही है । हमारे जो बच्चे हैं, वे आराम से शिक्षा प्राप्त करते हैं । पहले क्या होता था. रोज नारेबाजी । हमारे ये जो विरोधी दरर के भाई हैए, हमारे उन दूध–मुहं बच्चों के कन्धों पर बन्दूक रखकर चलाते थे, नेतागिरी खुद करतेथे, राजनैतिक स्वार्थ सिदधु खुद करते थे लेकिन उन भोले–भाले बच्चों को आगे करदेते थे । मैंने वह दर्दनाक सीन अपनी आंखों से देखा है । भिवानी वैश्य कालेज के अन्दर जब यहां सूबा–ऐजीटेशन चल रही थी तो हमारे इन विपक्षी दल के भाइयों ने कालेज के लड़कों को भडकाया, उनमें इतनी आग भर दी कि वह सब कुछ तोड़–फोड़ करने को तैयार हो गये । डाकखाना जला दिया, तार घर को आग लगा दी, तहसील को आग लगा दी, एस० डी० ओ० के आफिस को जला दिया और उसके बाद जब गोलाबारी शुरू हुई, पुलिस को मजबूर होकर ला एण्ड आर्डर को बनाये रखने के लिये जब बन्दूक उठानी पड़ी तो वे तमाम लीडर भाग गये और निशाना कौन बना ? एक गरीब

किसान का बेटा जो अपने मां–बाप का इकलौता बेटा था । उसके मां–बाप की आंख के आंसू आज तक सूख नहीं पाये । तो मेरा कहने का मतलब यह है कि ऐसी हालत इस देश के अन्दर इन लोगों ने बना रखी थी । आज कालेज भी चलते हैं, स्कूल भी चलते हैं, पढ़ाई भीठीक ढंग से होती है, कारखानों मेंकोई हड़ताल नहीं, कोई तालाबन्दी नहीं, प्रोडक्शन खूब हो रही है, रेलों में हड़ताल नहीं, बिजली के महकमे में कोई हड़ताल नहीं यानी किसी प्रकार का न रगड़ा और न झगड़ा । सारे लोग खुश, सारा देश खुश और भगवान भी खुश । भगवान ने भी खुश होकर इस बार अच्छी बारिश की है । आज सारे देश कें–अन्दर शान्ति है । अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि इसके बावजूद भी, अगर इस आपात स्थिति के लागू करने से किसी को तकलीफ हुई है तो वे मुट्ठी भर लोग हैं । इनमें कुछ तो वे आदमी हैं जो यह चाहते हैं कि जायज नाजायज, देश के हित में, देश के अहित में, कुछ भी करते हुए, किसी प्रकार कुर्सी मिल जाये और वे उसके लिए प्रयत्नशील थे । चाहे उन्हें गलत बात कहनी पड़े, चाहे हिंसा का इस्तेमाल करना पड़े, चाहे देश को भडकाना पड़े, चाहे प्रोडक्शन में बाधा हो या किसी प्रकार का संकट पैदा हो लेकिन उन्हें कुर्सी अवश्य मिले । तो, कुछ तो वे लोग परेशान हैं या फिर वे परेशान हैं जो बैड एलीमैंट्स हैं, समाज–विरोधी तत्व हैं–जों दूसरों की कमाई पर छापा मारकर फायदा उठाते थे, क्योंकि उनके घरों पर छापे पड़े, वे पकड़े गये, मीसा में गिरफ्तार हुए, तरह–तरह की उनके खिलाफ कार्यवाही हुई । दो तरह के ही आदमी आज इस

आपात स्थिति में परेशान हैं और इन दो प्रकार के आदमियों की गिनती आप अगर अन्दाजा लगायें तो मैं समझता हूं कि सारे देश में 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है । (विध्न) अध्यक्ष महोदय, मैं यह दावे के साथ कहता हूं कि 95 प्रतिशत मानता इतनी संतुष्ट है, इतनी प्रसन्न है, इतनी खुश है कि जिसका अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता । चौधरी साहब पिछली दफा बोलते हुए यह कह रहे थे कि ऐसी स्थिति को नौजवान बर्दाश्त नहीं करेंगे । मैं चौधरी साहब को दावत देता हूं कि वे मेरे साथ चलें और खुद देखें कि नौजवान आज की स्थिति में हमारे साथ हैं अथवा उनके साथ । (विध्न) मैंने तो बार–बार कहा है और हमारी प्रधान मंत्री ने भी बार–बार एलान किया है कि जो लोग अन्दर बन्द हैं यदि वे अपने विचार बदलें तो फिर हम उनको बाहर निकालगें के लिये तैयार हैं । भगवान उनको सद्बुद्धि प्रदान करे, उनके विचार ठीक हों । तो फिर उनको अन्दर रखने की आवश्यकता नहीं । (विध्न) जहां तक नौजवानों का प्रश्न है, मैं चौधरी साहब को दावत देता हूं, मैं उनको नौजवानों के अन्दर अपने साथ लेकर चलता हूं (विध्न) नौजवान कभी डरता नहीं है । डर से कभी कोई ऐजीटेशन आज तक दुनिया के अन्दर दबी नहीं । मैं यह समझता हूं कि जितना डर ब्रिटिश साम्राज्यवाद का था, उतना डर आज नहीं हो सकता और ब्रिटिश साम्राज्यवाद का आंतक होते हुए भी कभी नौजवान डरते नहीं थे । भगत सिंह जैसे फांसी पर झूल गये और हमारे जैसे गोली और लाठी के सामने सीना तानकर खड़े होते थे (थम्पिग) लाठी से कोई आन्दोलन नहीं दब सकता, प्रैशर से कोई

आन्दोलन नहीं दब सकता, आन्दोलन वही दबता है जिसको जनता का समर्थन प्राप्त न हो । यह जो आन्दोलन था, यह सिर्फ नेताओं का आन्दोलन था और यह सिर्फ कुर्सी केलिये था इसलिये यह आन्दोलन उभर नहीं पाया? यह आन्दोलन या तो कुर्सी के लिये था या फिर समाज विरोधी तत्व उनके पीछे थे या फिर विदेशी शक्ति इनके पीछे थी, वह हर प्रकार के फरेब इस्तेमाल करती थी और उनके हाथ में कठपुतली बनकर वे देल का सर्वनाश करने पर तुले हुए थे । यह ऐसे लोग थे जिन्होंने सारे देश के अन्दर विध्वंसक वातावरण पैदा किया । अब बिल्कुल आराम से देश चलता है, सुख है, शान्ति है । नौजवान, मजदूर, किसान यानी कि हर प्रकार के वर्ग का पूरा समर्थन इस आपात स्थिति को प्राप्त है । मैं यह बात दावे के साथ और जिम्मेदारी के साथ कहता हूं । चौधरी साहब, ने पिछले दिनों किसान के दु:ख की बात कही थी आज इन्होंने मजदूरों के दु:ख की बात कही है । मजदूर के लिए इनके दिल में बहुत ज्यादा दर्द है । यह कहते हैं कि बोनस की परसेन्टेज कम कर दी । अध्यक्ष महोदय, आज से दों–तीन साल पहले, ठीक तारीख तो मैं नहीं बता सकता 8. 33 परसेन्ट बोनस किया गया था लेकिन उससे पहले चार परसेन्ट ही था । 1973 से पहले चार प्रतिशत मिनिमम बोनस देना लाजमी था और अब फिर चार प्रतिशत कर दिया और इसलिए कर दिया कि उद्योग–धधों की तरफ भी छगन देना जरूरी था । जैसा कि चौधरी साहब ने बताया कि उद्योग–धंधे वाले बेलेन्सशीट डुप्लीकेट बनाते हैं, मुनाफे को छुपाते हैं, यह बात मैं मानता हूं । स्पीकर साहब, जो ऐसा करते

हैं उन सब पर रेड भी हुए हैं । वह रेड भी कोई बी० एल० डी० ने नहीं किया । आज जितने लोगों पर रेड हुए हैं और जितना बैड ऐलीमेंट पकड़ा गया है वह इसी सरकार ने पकड़ा है और देश के अन्दर यह कम्पैन पूरे जोर से चल रही है ऐसे समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी और ऐसे तत्वों को शान्ति के साथ नहीं बैठने दिया जाएगा । अगर आप देखें तो इस बैड ऐलीमेन्ट से जितना पैसा आप लोगों को मिलता है उसका एक प्रतिशत भी हमें नहीं मिलता । अगर आप चाहें तो मैं इसकी एक लिस्ट भी दे सकता हूं । हरियाणा प्रदेश की एक लिस्ट दे सकता हूं कि ऐसे मुनाफाखोरों से, पूंजीपतियों की तरफ से जनसंघ और बी० एल० डी० को कितना चन्दा मिलता है (व्यवधान)

चौधरी शिव राम वर्मा : आप वह लिस्ट सरकार को भी दें और दूसरी पार्टियों को भी दें (व्यवधान) ।

Mr. Speaker : Order, order please. No interruptions.

श्री बनारसी दास गुप्त : अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि काले धन का पैसा भी इनको ही मिलता है । बोनस का जहां तक प्रश्न है, उद्योग धन्धों की तरफ भी ध्यान देना पड़ता है । यह बात मैं मानता हूंकि गल्त हिसाब किताब रखते हैं, गल्त बेलेन्सशीट बनाते हैं इन सब बातों की रोकथाम के लिए हमारी प्रधानमन्त्री ने एक और बात का एलान किया है जिसको हम बहुत तेजी से लागू करते जा रहे हैं कि मैनेजमैंट में मजदूरों का हिस्सा

हो ताकि उद्योगपति हेराफेरी न करें, गल्त बेलेन्सशीट न बनाएं । गल्त तौर पर मुनाफाखोरी न कर सकें और हमने अपने प्रदेश के अन्दर यह बात जोर से लागू करनी शुरू कर दी है । अभी कुछ दिन पहले चौधरी साहब के शहर में एटलस साइकिल के अन्दर मैंने इस स्कीम का स्वयं उद्घाटन किया और अध्यक्ष महोदय मैनेजमैन्ट के अन्दर मजदूरों को प्रतिनिधित्व दिया गया । इससे बड़ी बात अध्यक्ष महोदय और क्या हो सकती है । मजदूर अब वहां मैनेजमैंट में बैठेगा और वहां बैठकर देखेगा कि कोई गलत काम नहो ।

मिनिमम वेज की बात कही और कहा गया कि मिनिमम वेज इतना रखा है कि उससे ज्यादा तो मजदूर किसान से पहले ही ले रहा है । स्पीकर साहब, जब कटाई का सीजन आता है तो मजदूरों की बहुत कमी पड जाती है और लोगों को ज्यादा से ज्यादा मजदूरी देकर मजदूरों को लेना पड़ता है । चौधरी साहब, यह तो मिनिमम वेज हमने फिक्स किए हैं, ज्यादा देने पर तो कोई पाबन्दी नहीं है । अगर मिनिमम वेज पांच–दस रुपया फिक्स किया है और चौधरी साहब बीस रुपया दें तो उन पर कोई पाबन्दी नहीं है । ज्यादा देने पर तो कोई पाबन्दी है ही नहीं । इसलिए न्यूनतम मजदूरी सिर्फ उन मजदूरों के लिए ही फिक्स नहीं की जो कि खेतींमें काम करते हैं बल्कि और भी कई प्रकार के क्षेत्र हैं जहां यह न्यूनतम मजदूरी फिक्स की एं ।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं पानी की बाबत कहना चाहता हूं । यह बात मैंने पहले भी स्पष्ट की और इस बात कोड़ आज फिर स्पष्ट करदेता हूं' कि जितनी नई नहरें निकाली गई हैं उन नई नहरों के लिए हम एक कतरा पानी भी दूसरे इलाके का नहीं काटेंगे । इस बइतको मैं बड़ी जिम्मेवारी से कह सकता हूं । अगर चौधरी साहब, पानी की तकसीम का एक–एक दिन का हिसाब देखना चाहें तो मैं एक–एक दिन का हिसाब दिखा सकता हूं । अगर कोई और भाई देखना चाहे तो वह भी देख सकता है । अध्यक्ष महोदय, मैं चौधरी रिजक राम की इस बात से सहमत नहीं हूं कि क्रापिंग पैटर्न बना दिया जाए । इसका मतलब यह हुआ कि एक पंडित जी भागवत की कथा कररहे थे । उसमें उन्होंने यह कह दिया कि इस जन्म में जो औरतें हैं वह अगरने जन्म में भी औरतें ही रहेंगी और जो आदमी हैं वह अगले जन्म में आदमी ही रहेंगे । इसको सुनकर राक औरत उठकर चल पड़ी और कहने लगी कि अब सुनने का क्या फायदा जब हमारे भाग्य में चूल्हा चक्की करना ही लिखा है । चौधरी साहब, आपका मतलब यह है कि महेन्द्रगढ़ जिला में बाजरा बोया जाता रहा है तो वहां बाजरा ही बोया जाता रहे और आप गेहूं, गन्ना बोते रहे । चौधरी साहब, आज से 15– 20 साल पहले हमारे यहां यह हालत थी कि जब मेहमान कोई आ जाया करता था तो हम काख पीटते थे कि आज गेहूं के माड़ मिलेंगे । शुक्र करो भगवान का और चौधरी बंसी लाल का जिसकी कृपा से यी हो गया कि आज उस इलाके में भी गेहूं की खेती होती है । मैं तो यह चाहता हू कि जिस प्रकार

करनाल और कुरुक्षेत्र में चावल बोया जाता है, गेहूं बोया जाता है, गन्ना बोया जाता है जहां भी सम्भव होगा हरियाणा प्रदेश में इस प्रकार की फसल सभी स्थानों पर पैदा करने का प्रयत्न करेंगे । जहां तक पानी का सवाल है चौधरी साहब ने आडीटर जनरल की रिपोर्ट से कुछ फिगर्ज पढकर बताई । जिस रिपोर्ट का वह हवाला दे रहे थे वह रिपोर्ट अभी अन्डर एग्जामिनेशन है । अभी हम उसको देख रहे हैं कि क्या–क्या आबजैक्शन्ज हैं, क्या–क्या आपत्तियां आडीटर जनरल ने उठाई हैं । उनका बाकायदा जवाब दिया जाएगा । मैं र'क बात बतलाना चाहता हूं जैसा कि चौधरी साहब ने कहा कि यह आगमेन्टेशन कैनाल बनाने का कोई फायदा नहीं हुआ और पक्की नहर बनाने या पक्के खाल बनाने से सीपेज बन्द नहीं हुई । स्पीकर साहब, मैं आपके नोटिस मैं यह बात लाना चाहता हूं कि अगर आज हम ताजेवाला जो हमारी कच्ची नहर है उससे तीन–चार हजार क्युसिक पानी छोड़ तो मुनक तक पहुंचते–पहुंचते पांच सौ क्युसिक पानी कम हो जाता है सीपेज की वजह से और अगर हम पक्की नहर से छोड़ तो केंवल 25 या 30 क्युसिक पानी की सीपेज होती है । कहां पांच सौ क्युसिक और कहां 25 या 30 क्यूसिक ।

चौधरी रिजक राम : यही तो कंट्राडिक्ट किया है ।

श्री बनारसी दास गुप्त : अगर कंट्राडिक्ट किया है तो हम जवाब देंगे । हम आपको भी मौके पर ले जाकर दिखला देंगे । कहां तो पांच सौ क्युसिक ओर कहां 25 या 30 क्युसिक पानी

इस प्रकार 475 क्युसिक पानी बच जाएगा । लेकिन मैं एक बात पूछना चाहता हूं चौधरी साहब से कि उस रोज तो वह बोलते हुए वे यह आशंका महसूस कर रहे थे कि नहर और खाल पक्की होने से सब सावल पानी खराब हो जाएगा और आज यह कहते हैं कि नहर पक्की करने से सीपेज बन्द नहीं होती । मैं यह कहता हूं कि नहर पक्की करने से सीपेज बन्द होती है और उस सीपेज के बन्द होने से वाटर टेबल पर कोई फर्क नहीं पड़ता । अब सीपेज होती है तो उसका फायदा नहर और कैनाल के नजदीक के लोगों को ही होता है और जब सिपेज केवल नहरों में न होकर सारे फील्ड में होगी तो सारे इलाके को फायदा होगा । इसके अलावा एक और बात कहना चाहता हूं । चौधरी साहब ने कहा कि आग्मेन्टेशन कैनाल बनने के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, कोई पानी नहीं बढ़ा और जूई नहर निकलने के बाद यहां का पानी कट गया । स्पीकर साहब, मैं यह आंकड़े देना चाहता हूं कि किस प्रकार हमारी इरीगेशन बढ़ी है । 1970– 71 में हमारा टोटल सिचित त्रिया था 14 लाख 41 हजार एकड़ और रबी का था 851 लाख एकड । 1971– 72 में बढकर हो गया 15.09 और 922 लाख एकड । 1972–73 में कुछ कम हो गया यानी 1483 लाख एकड हो गया । शायद दरिया में पानी कम आया हो, बारिश कम हुई हो या बर्फ कम पड़ी हो । 1973– 74 में फिर बढ़कर 1684 लाख पकड़ हो गया । तो इस तरह से इरीगेशन का एरिया तो बढ़ता रहा है । अध्यक्ष महोदय, ये कहते हैं इरीगेशन कम हुआ है, कोई फायदा नहीं हुआ है, मैं कहता इंद्र बढ्ता रहा है, मेरे पास फिगर्ज हैं,

आंकडे हैं । इसके इलावा चौधरी साहब कहते हैं कि आग्मेन्टेशन कैनाल बनने से कोई फायदा नहीं हुआ, इस बारे में, मैं एक बात और कहना चाहता हूं । कल 22 जनवरी, 1976 को ताजेवाला पर हरियाणा के शेयर का पानी था 2310 क्युसिक और म्यूनिक पर पहुंचा 3893 क्यूसिक, यह कहां से बढ गया ।

12.09 बजे

चौधरी रिजक राम : गल्त लिख दिया होगा ।

श्री बनारसी दास गुप्त : गल्त लिख दिया होगा तो मैं बैरीफाई करने के लिये तैयारहूं मैं पूरी जिम्मेवारी के साथ यह बात कहता हूं कि अगर कोई गल्त बात है तो हम उसको वेरीफाई करेंगे, यानी कल हमारे हिस्से का पानी था 2310 क्यूसिक, म्युनिक में पहुंचा 3893 क्युसिक लेकिन इस में ।!ऋक बात जरूर हए कि इस में 990 'क्यू सिक पानी वह भी शामिल है जो एम ० बी० के० द्वारा इधर दिया गया है । अगरइमको कम कर दिया जाए तो इसके बाद भी 2903 क्यूसिक बच जाता है––विघ्न––

चौधरी रिजक राम : रि–जनरेशन का भी आता है ।

श्री बनारसी दास गुप्त : रि–जनरेशन का कितना आता है यह हिसाब तो अलग बताऊंगा लेकिन मैं एक बात बताता हूं कि अगर आग्मेन्टेशन कैनाल न होती तो म्युनिक में यह पानी 1800 क्युसिक पहुंचता क्योकि 500 सीपेज में चला जाता । वहां. से चलता 2310 क्युसिक जितना कि हमारा हिस्सा था और म्युनिक

में पहुंचता 1800 क्यूसिक और उसकी बजाये पहुंचा है 2900 क्युसिक यानी एक हजार क्युसिक पानी सिर्फ आग्मेन्टेशन कैनाल और आग्मेनटेशन ट्यूबवैल्ज की वजह से बढ़ा है जिसके बारे में चौधरी साहब यह. कहते हैं कि यह कैनाल बनने का कोई लाभ नहीं हुआ, यह बात मैं उनके सामने अर्ज करता हू (श्री रिजक. राम जी की तरफ से विघ्न) आग्मेन्टेशन टयूबवैल्ज जो इस में लगाये गये हैं उन से भी पानी बढ़ा है–

चौधरी रिजक राम : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है । जो आग्मेन्टेशन कैनाल है उसकी कुल कैपेसिटी बढ़ाने से 900 क्यू सिक की बढ़ौतरी हुई थी और अब चीफ मिनिस्टर फरमा रहे हैं कि 1000 क्यूसिक बढ़ा है बल्कि इससे ज्यादा डिपार्टमैंट ने क्लेम भी नहीं किया?

श्री अध्यक्षः चौधरी साहब, यह प्वांयट आफ आर्डर तो बना नहीं ।

श्री बनारसी दास गुप्त : मैं आपकी बात मान लेता हूं । कुछ पानी रि–जनरेशन से बढ़ जाता होगा लेकिन ज्यादा जो इससे फायदा हुआ है, ज्यादा जो हिस्सा है 1000 क्युसिक नहीं तो 900 क्युसिक पानी बढ़ा होगा लेकिन इतना पानी जितना इंजीनियर्ज ने क्लेम किया था और जिसके आधार पर यह स्कीम बनाई गई थी, वह पूरी तरह से कामयाब हुई है, सफल हुई है, इसमें कोई सन्देह की बात नहीं है । अध्यक्ष महोदय, मैं और

अधिक समय न लेते हुए आपके द्वारा इस सदन के सामने यह बात रखना चाहता हूं कि जो इलाके ऐसे हैं जो वर्ष्षो से कहत के शिकार होते रहे हैं, मरते रहे हैं जिनको यह पता नहीं था कि इन्सान की जिन्दगी कैसी होती है और चौधरी साहब व उनके साथी तो मान्डे भी उड़ाते रहे, हल्वा भी उड़ाते रहे, पूरी मौज भी करते रहे, तो हम उन कमजोर इलाके के आदमियों को उनके स्तर पर लाना चाहते हैं और लाएंगे (तालियां) उस में कोई हम पर एतराज करता रहे या कोई चीख पुकार करता रहे, इन बातों का हमारे ऊपर कोई असर नहीं है । हमारा यह इरादा है कि समाज के, प्रदेश के कमजोर इलाके और कमजोर वर्ग को ऊंचा उठाएं और बराबर के स्तर पर लाएं, यह हमारी प्रधान मन्त्री जी की नीति है और इसे पूरी तरह से लागू किया जाएगा (तालियां)

Mr. Speaker : Order, order please. No interruptions.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill Clause by Clause.

Clauses 2 & 3

Mr. Speaker : Question is—

That Clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr . Speaker : Question is—

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill. The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question is—That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) : Sir, **I** beg to move—

That the Haryana Appropriation Bill be passed.

(इस समय चौधरी रिजक राम बोलने के लिये खड़े हुए)

श्री अध्यक्ष : चौधरी साहब इसके लिये तो टाईम मुकर्रर था, जो पूरा हो चुका है ।

चौधरी रिजक राम : ठीक है जी, तो मैं बैठ जाता हूं ।

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation Bill be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation Bill be passed,

The motion was carried.

वर्ष 1975–76 के अनुपुरक अनुमानों (दूसरी किश्त) पर चर्चा तथा मतदान

(i) Discussion on the Estimates of the expenditure charged on the Revenues of the State.

Mr. Speaker : Those hon. Members who wish to discuss the charged items, may do so.

(No Hon. Member rose to speak).

(ii) Discussion and voting of the Demands for Supplementary Grants.

Mr. Speaker : According to the previous practice and in order to save the time of the House all the Demands for

Grants appearing on the Order Paper will be deemed to have been read and moved together. The Hon'ble Members can raise discussion on the Demands hut while speaking they will have to indicate the Demand number on which they want to raise discussion.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5,45,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 1-Vidhan Sabha.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10,43,022 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 2—General Administration.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,59,29,670 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 3—Home.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 45,43,880 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 4—Revenue.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,97,10,910 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 6—Finance.

That a supplementary sum not exceeding Rs.

89,87,100 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 8—Buildings and Roads.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,22,29,147 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st.March, 1976 in respect of Demand No. 9—,Education.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 14,27,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 11—Urban Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,81,450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 12—Labour and Employment.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 52.89,450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 13—Social Welfare and Rehabilitation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10,66,88,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 15—Irrigation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 16—Industries.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,59,77,760 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 17—Agriculture.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 18—Animal Husbandry.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 7,28,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 20—Forest.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 26,10,380 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of pay ment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 21-- Community Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 6,47,830 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 22—Cooperation.

That a supplementary sum not exceeding Rs.

8,80,760 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 24—Tourism.

That a supplementary sum not exceeding Rs 9,53,85,410 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 25—Loans and Advances by State Government.

चौधरी शिव राम वर्मा (नीलोखेडी) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं बोलना तो एप्रोप्रिएशन बिल पर चाहता था लेकिन समय न मिल सका, इसलिये अब जो सप्लीमेंट्री डिमांडज की दूसरी किश्त हमारे सामने आई है, उनके बारे में कुछ चर्चा करना चाहता हूं । सब से पहले तो मैं डिमांड नम्बर 2 व 3 हैं इनको इकट्ठा ही लेता हुं जोकि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन और होम के बारे में हैं और' यह दोनों ही महकमे मुख्य मन्त्री महोदय के पास हैं ।. मुख्य मन्त्री महोदय ने 20 तारीख को बोलते हुए कुछ निराधार बातें भी कहीं थीं—

Mr. Speaker : Order please. No reference to previous speech. You should confine yourself to the discussion on the supplementary demands.

चौधरी शिव राम वर्मा अध्यक्ष महोदय, सप्लीमेंट्री इसी साल का है जी, सारा, जिस पर बोल रहा हूं । मुख्य मन्त्री महोदय ने कई बातें यहां पर बोलते ' हुए कहीं । अंगूठे तो सदा ही लगते रहे लेकिन इन्होंने चूतड़ के चूतड़ शब्द भी और झूठ शब्द भी

कहे, यह उनको शोभा नहीं देते थे और मैं यह समझता हूं कि वे अन–पार्लियामेन्टरी भी थे चूतड़ इसी राज में पता नहीं लगे या न लगे होंगे–शोर–या गुप्ता जी ने कोई नया रूल निकाला होगा चूतड लगाने का, इससे पहले तो कभी सुनें नहीं थे, तो इस लिये मैं कह सकता हूं कि उनकी बातों का कोई आधार नहीं था, निराधार बातें कहीं उनको ऐसी बातें कहना शोभा नहीं देती थीं, इस बारे मैंने उस वक्त भी उनको याद दिलाया था–

श्री अध्यक्ष : बात यह है कि कोशिश यह होनी चाहिये कि कोई भी लफज ऐसा जो या तो किसी आनरेबल मेम्बर को पिन्च करता हो या कोई शोभा न देता हो, वह नहीं कहना चाहिये ।

चौधरी शिव राम वर्मा : स्पीकर साहब, उस वक्त मैंनें आपको भी याद दिलाया था ।

Mr. Speaker : Nobody raised any point of order.

चौधरी शिव राम वर्मा : स्पीकर साहब, मैं एक बात जनरल एडमिनिस्ट्रेशन और होम के बारे कहना चाहता हूं कि जैसे मुख्य मन्त्री महोदय ने कहा कि आपात स्थिति से लोग बहुत खुश हुए हैं, आपात स्थिति से सारी बातें काबू में आ गई हैं । आखिर सरकार के पास इतनी शक्ति है, बहुमत भी इतना है कि किसी बात का कोई खतरा नहीं है, कोई कानून कैसे ही बना ले, किसी तरह उसको चला लें तौ फिर आपात स्थिति की जरूरत क्या पड़ी थी?

इसका मतलब तो मैं लेता हूं कि अपने पाप कांपते है । और इसलिये वह ठीक तरीके से चलने की बजाए दूसरा ढंग ऐसा अपनाते हैं जिससे लोगों को दबा कर रखा जाए । इस सिलसिले में मैं कहना चाहता हूं कि काफी गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, उनमें एक दो सही हो सकती हैं लेकिन बहुत सी गलत इलजाम लगा कर की गई हैं । अगर वह अदालत के सामने आएं तो सही पोजीशन का पता चल सकता है लेकिन वह अदालत के सामने नहीं आएगी । मैं आपको एक दिन कीघटना बताऊं कि करनाल में कुछ गिरफ्तारियां हुई–

परिवहन मन्त्री (श्री के० एल० पोसवाल) : स्पीकर साहब, मेरा प्यांयट आफ आर्डर है कि ये कौन सी डिमांड पर बोल रहे हैं । ये तो पुरानी स्पीच की बातें हैं ।

चौधरी शिव राम वर्मा : यह भी इसी साल में आता है । करनाल में एक घटना हुई । पुलिस हथकडियां लगा कर कुछ आदमियों को न्यायालय में पेश करने आई जो डी० आई० आर० या और किसी केस में आए थे । जब वे पेश होने के बाद अदालत से निकले तो उन्होंने नारा लगा दिया कि ''भारत माता की जय'' उसके बाद पुलिस ने उन लोगों कौ हथकडियो समेत कचहरी के अहाते में इतना पीटा कि लोगों ने दांतों तले अंगुलियां दबा लीं, इतना आतंक छा गया कि लोग सोचने लगे कि क्या यही अपना राज है या यही जनतन्त्र है । क्या फिर अंग्रेजी राज तो नहीं आ

रहा है? पुलिस वालों ने उनको बहुत बुरी तरह से पीटा और वह एक बहुत बुरा दृश्य था ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग : स्पीकर साहब, मेरा प्यांवयट आफ आर्डर है कि क्या आनरेबल मैंबर साहब भी उस वक्त वहां थे और क्या उनको भी कोई जूता या लाठी लगी?

चौधरी शिव राम वर्मा : यह तो इन्होंने अपनी आदत के अनुसार कह दिया

श्री अध्यक्ष आर्डर प्लीज : यह डिस्कशन सप्लीमेंटरी डिमांडज पर है, मेन बजट पर नहीं है । इस पर वही रूल्ज लागू होंगे जो सप्लीमेंटरी डिमांडज के मुताल्लिक हैं । मैं आपका ध्यान रूल 201 की तरफ दिलाता हूं–

"The debate on the supplementary grants shall be confined to the items constituting the same and no discussion may be raised on the original grants. . .

जो इसमें आइटम है, आप उसके ऊपर बोल सकते हैं । यह नहीं कि बजट डिस्कशन फिर शुरू कर दो, बजट पास हो चुका है उसके ऊपर मैं डिस्कशन अलाऊ नहीं करूंगा ।

चौधरी शिव राम वर्मा : मैं तो केवल यही निवेदन कर रहा था कि मुख्य मन्त्री महोदय के नोटिस में अगर यह बात न हो तो उनकी जानकारी में आ जाए ।

श्री अध्यक्ष : यह तो फिर उसी तरह से चल पड़ेगी । मैंने आपको बताया किं आप जिस डिमांड पर बोलना चाहते हैं, उस डिमांड का नम्बर बताएं और उस पर बोलें ।

चौधरी शिव राम वर्मा : अध्यक्ष महोदय, मैंने तो यह कहा है कि लोगों को न्याय मिलना चाहिये और आगे से ऐसी बात न हो तो किसी को एतराज नहीं होगा । इसलिये इस ओर ज्यादा ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है । जो गलत किस्म के लोग हैं उन्हीं को सजा मिले बजाए इसके कि जिससे किसी की दुश्मनी हो उससे ज्यादती की जाए यह अच्छी बात नहीं है । घर के अन्दर या प्रदेश के अन्दर शान्ति या अमन तभी रहेगा जब सबको न्याय मिलेगा इसलिये इसमें सरकार को पूरा सतर्क रहना चाहिये और केवल इस किस्म के लोग जो गलत प्रकार की बातें करके ही अपना काम निकालने की कोशिश करते हैं उन की चालाकियों और एसे लोगों की बातों को ठीक प्रकार से सोच समझ कर ही दूसरे लोगों की गिरफ्तारी करनी चाहिये । इससे आगे चल कर मैं बिल्डिग्ज और रोडज के बारे में कहूंगा कि इसके लिये भी बहुत थोड़ी रकम रखी गई है । इसमें जो सड़कें अधूरी पडी हैं उनका नम्बर तो देर में आउगा जो पैसा है वह तो बिल्डिग्ज पर ही खर्च हो जाएगा । जिन सड्कों में मैप्स पड़े हैं वे सड़कें अधूरी पड़ी हैं उनको पूरा किया जाए । इसी प्रकार से एक सड़क तरावडी से वाया सोखडा पडवाला होती हुई रमाना रमानी गई है और वह सड़क रमाना रमानी गांव तक भी पहुंच गई है लेकिन बीच में एक

रजवाहा पड़ता है जिसका पुल बहुत पुराना बना हुआ था, आप वहां जाकर देखें और बस की बात तो छोड़िये उसको पार करने में बैल गाड़ी को भी खतरा रहता है कि वह पुल से गिर न जाए । उस पुल को जैसा कि उसका एसटीमेट बनाया गया था उसके अनुसार जल्द से जल्द बनाया जाना चाहिये ताकि रमाना रमानी गांव तक लोग आसानी वे आ जा सकें । इसी प्रकार एक बात मैं और कहूंगा कि निसंग ब्लाक में एक गांव हथलाना है और उसके पास से एक ड्रेन गई है जिसके ऊपर भी पुल का बनाया, जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वह गांव के बिल्कुल साथ है और सारा रकबा दूसरी तरफ है । बरसात के दिनों में लोगो को घास लाना भी मुश्किल हो जाता है । वह पुल कई बार कच्चा बनाया गया है लेकिन बरसात के दिनों में टूट जाता है इसलिये उसको बनाया जाना बहुत ही जरूरी है । इसी प्रकार की यूक सडक जी० टी ० रोड से भैणी खुर्द होते हुए सुलतान पुर गई है और बीच में भैणी खुर्द के पास उसका टुकड़ा कच्चा पड़ा है, वह पूरा किया जाना चाहिये । उसके बिना वह सारी सड़क बेकार पड़ी है । इसके आगे दो तीन मील पर ललियानी से तरौडी सड़क पड़ती है जो कच्ची है । इस दो तीन मील के टुकड़े के कच्चे रह जाने के कारण लोगों को 12– 13 मील का चक्कर डाल कर तरावडी मंडी में आना पड़ता है इसलिये वह सड़क ललियानी से तरोडी तक भी पूरी की जाए । मुझे पता चला है कि यह मंजूर तो हो चुकी है इसलिये इसको जल्दी पूरा किया जाए । इसी तरह से डिमांड नम्बर 9 जो शिक्षा के बारे में है उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि शिक्षा

मन्त्री महोदय इधर ध्यान दें । शिक्षा का स्तर इतना गिरता जा रहा है कि–

शिक्षा मंत्री (श्री माडू सिंह मलिक): अध्यक्ष महोदय यह एक करोड़ 22 लाख रोहतक ब्निवर्सिटी के लिये हैं इसलिये इस पर इनको कोई एतराज हो तो बता दें ।

श्री गिरीश चन्द्र जोशी : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है कि ये जो डिमांडज हैं ये 31 मार्च, 1976 तक के खर्चे के लिये हैं लेकिन मैंबर साहब जो बात कर रहे हैं यह अगरने साल के लिये कर रहे हैं । अगले साल के लिये इन्होंने बात करनी थी तो बजट पर जनरल डिस्कशन के समय कहते । मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो बोल रहे हैं क्या वह रैलेवेंट है ।

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीज ।

चौधरी शिव राम वर्मा : मुझे रोहतक यूनिवर्सिटी के बारे. कोई एतराज नहीं है वह बननी चाहिए । मैं तो अपनी बात शिक्षा मन्त्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि 56 लड़की ने इम्तहान दिया और केवल एक पास हुआ । तो इस साल भी अगर यही परिणाम रहा तो क्या होगा यह आप देख लीजिये । मास्टरों को आपने इतना बेचौन कर दिया है कि जो पढ़ाने वाले थे वे भी रगडे गये । जो निकम्मा आदमी है उसको सजा दीजिये जो काम करने वाला है आपने तो उसको भी बीस मील से परे ट्रांसफर कर

दिया था । जो काम करने वाले व्यक्ति हैं उन को हौसला दिया जाए, इन्सैंटिव दिया जाए और जो निकम्मे हैं उन को सजा दी जाए । सब को एक लाठी से हांकना समझदार आदमी का काम नहीं होता । जैसा आदमी होगा उसके साथ वैसा ही बर्ताव करें मैं शिक्षा मन्त्री जी से प्रार्थना करूंगा कि वे इस ओर विशेष ध्यान दें ।

अब मैं सोशल वैल्फेयर और रीहैबिलिटेशन के बारे अर्ज करना चाहता हूं । सोशल वैल्फेयर के अन्दर हरिजनों को, बैकवर्ड क्लासिज के लोगों को प्लाट्स दिए गए प्लाटों की संख्या लाखों की तादाद में बताई गई । ये प्लाट्स तब काम आएंगे जब सरकार उन को प्लाट पर मकान बनाने में सहयोग देगी, सहारा देगी । मकान बनाना उन के बस की बात नहीं है । अगर सरकार उनके साथ सहयोग नहीं करेगी, मकान बनाने में सहारा नहीं देगी तोये प्लाट्स बेकार पड़े रहेंगे । मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि इस काम के लिए उन गरीब लोगों को बिना जमानत और बिना ब्याज के कर्जा दें, और ग्रांट भी दी जाए । अगर कर्जा ही दिया गया तो उन को उतारना मुश्किल हो जाएगा । उनके मस्तिष्क में कर्ज का बोझ सवार रहेगा और उनको बसना मुश्किल हो जाएगा ।

इसके बाद इरीगेशन डिपार्टमैंट की बात आती है । इरीगेशन बहुत आवश्यक चीज है इसके बिना कोई काम चरनने वाला नहीं है । इरीगेशन के बारे में मैंने एक दिन आंकड़े दिए थे उन मेरे आंकड़ों को मुख्य मन्त्री महोदय झुठला नहीं सके ।

क्योंकि वे आंकड़े सरकारी किताबों में से निकाल कर दिए गए थे सरकार जो गिरवा दिखाती है कि इतना एरिया इरीगेट हो गया, वास्तव में इतना होता नहीं है, कम होता है । यह इस तरह दिखाते हैं कि जैसे सावनी की फसल बोई गई, चुंकि वह नहरी है, उस में नहरी पानी लगता है इसलिए उसको इरीगेटिड एरिया दिखा दिया । अगली बार उस प्रिया में चने की फसल बोर्ड गई और अधिकारीगणों ने उर्स को नहरी जमीन दिखा दिया । वह नहरी जमीन गिन ली जाती है । इसी तरह अगर उस में गेहूं बो दी जाए और उसको एक आध पानी मिल गया तो उसको भी नहरी गिन लिया जाता है । इम तरह बढ़ा चढ़ा कर बताने से कोई फायदा नहीं है । इरीगेशन को सही मायनों में बढ़ाने का प्रयत्न किया जाना चाहिए इधर उधर से आंकड़े जोड़ कइर बढ़ाने का प्रयत्न किया जाए तो देश की पैदावार सही मायनों में नहीं बढ़ सकती । म्उख्य मन्त्री महोदय ने पैदावार की जो बढ़ौतरी बताई. है, बहु इन की किताबों में क्यों नहीं दिखाई गई? किताबों में क्यों बढ़ौतरी नहीं दिखाई? मैंनै कहा था कि अगर किताबों में. –लिख देते तो हम भी पढ लेते लेकिन बढ़ोतरी है ही नहीं । पर–हैक्टेयर यील्ड बढ़ी ही नहीं । वैस्टर्न जमना कैनाल का जो एरिया है उसमें 30 से 53 परसैटं के करीब

चौधरी मेहर चन्द : आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर । क्या इस हाउस में गलत इन्फर्मेशन दी जा सकती है? ये ग्रौस

एरिया की बात करते हैं । जहां ग्रौस एरिया लिखा है वहां नैट एरिया भी लिखा है, वह भी पढ़ लो कि कितना इरीगेट हुआ है?

चौधरी शिव राम वर्मा : मैं तो यह कहूंगा कि जब तक इरीगेशन नहीं बढ़ेगी तब तक देश की पैदावार आगे नहीं बढ़ सकती । मैं वैस्टर्न जमना कैनाल के बारे में चर्चा कर रहा था । वहां 30 परसैटं जमीन को पानी लगता था । अब पता नहीं शायद 35 परसैटं हो गया होगा लेकिन वास्तविक तौर पर पानी बढ़ा नहीं है क्योंकि मेरा गांव नहर के साथ है वहां भी नहर का पानी लगता है । जितना रकबा पहले भरता था अब उसका तिहाई या चौथाई भरता है? पानी कम मिलता है और प्रचार ज्यादा करते हैं । प्रचार चाहे कितना हो, इससे वास्तविकता नहीं बदल सकती । सरकार इस ओर ध्यान दे, जितनी अश्योरेंस दी जाती है उसके मुताबिक उस रकबे को पानी मिलना चाहिए क्योंकि लैड सीलिंग भी इसी बिना पर की जाएगी । अश्योर्ड इरोगेटिड एरिया वह होगा जहां नहरी पानी लगता होगा, जिसमें सिंचाई के साधन पूर्ण रूप से हों । जिस इलाके में बारिश न हो और नहर का पानी भी पूरा न हो तो वहां पांच मन दाने भी नहीं हो सकते । इसलिए सही मायनों में अश्योर्ड इरी– गेटिड एरिया वही होगा जहां यदि बारिश न भी हो और फिर दोनों फसलें ठीक तरह से पूरी लग जाएं, तब हम समझेगे कि अश्योर्ड इरीगेटिड एरिया है । इस ओर ध्यान देना आवश्यक है कि अश्योर्ड इरीगेटिड एरिया वह होगा जिसमें दोनों फसलें, बिना बारिश से भी पके, उसी को अश्योर्ड इरीगेटिड एरिया

मानेंगे, दूसरे को नहीं, अगर 30 परसैटं का चकमा दे दिया गया और पूरा पानी मिला ही नहीं तो उसका फायदा क्या हुआ । जितना पानी चकबंदी में लिखा है उतना तो मिलना ही चाहिए, चाहे बारिश हो या न हो । इसके साथ ही साथ, डेरनेज के बारे में डिमांड है, यह भी इरीगेशन के अन्दर ही आती है । लिंक ड्रेन्ज शीघ्रता से पूरी होनी चाहिएं, क्योंकि उन के बिना छोटे छोटे रकबे खराब हो जाते हैं जब बारिश ज्यादा हो जाए तो फालतू पानी 'का निकास शीघ्रता से हो ।

अब मैं एग्रीकल्चर के बारे में कहना चाहूंगा । एग्रीकल्चर की कई बातें हाउस में आई हैं जिन में से एक विशेष बात यह है कि जमीदारों को बीज तसल्लीबख्श नहीं मिलता इसकी तरफ विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए । जमींदार को कई फसलें पैदा करनी पडती हैं कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, पैसा ज्यादा खर्च करना पडता है, एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट किसान का ध्यान रखे। कई बार हम कुछ कहते हैं, लोग कुछ कहते हैं और सरकार यह कहती है कि किसानों को बड़ा प्रौफिट हो गया है लेकिन मैं कहता हूं कि पिछले दो सालों से किसान लगातार घाटे में जा रहा है क्योंकि जिन चीजों की किसान को आवश्यकता होती है उन के भाव उछाल खा गए हैं । यह एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट का काम है कि सरकार के नोटिस मे लाए कि किसान की पोजीशन क्या है । किसान को आवश्यक चीजें, इनपुट्स वगैरा ठीक समय पर और ठीक भाव पर मिलने चाहिए । बीज किसान के लिए

आवश्यक चीज है । जिस भाव पर किसान को 'पड़ता' खाए उस भाव पर मिलना चाहिए और एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट किसान को अच्छे से अच्छा बीज दे और अच्छी से अच्छी गाइडैसं दे और इनपुट्स ठीक भाव पर दे ताकि किसान की हालत बेहतर हो सके । इसके साथ ही साथ हम देखते हैंकि फसलों में कई प्रकार की बीमारियां लग जाती हैं । लोग कहते हैं कि फलां बीमारी लग गई है । हमने किसी को कहा कि भाई, जो इन्स्पैक्टर है उसेको बताओ । उसने कहा कि बताया था और दवाई भी छिडकवाई थी । पौधे भी दिखाए थे लेकिन लाभ नहीं हुआ । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि दवाई छिडकवाने का इन्तजाम ठीक ढंग से होना चाहिए ताकि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े मर सकें । इस साल सरसों और तोरिया की फसल बिल्कुल खत्म हो गई कृ षि विभाग के सभी सप्रेयर बिगड़े पड़े थे । (घंटी) मैं जल्दी ही खत्म करने वाला हू । इस तरफ सरकार को पूरा ध्यान देना चाहिए । अगर ' पैदावार नहीं बढ़ेगी तो हरियाणा प्रान्त की बढ़ौतरी नहीं हो सकती, विशेषकर खेती हरियाणा का आधार है, इस तरफ सरकार का पूरा ध्यान होना चाहिए । बिजली का भी पूरा प्रबन्ध होना चाहिए । कई बार बिजली देर से मिलती है, और बीच में कई बार इन्ट्रप्शन्ज हो जाती हैं, लोग बिजली के लिए इधर उधर भागते रहते हैं, उनके आने जाने में टाईम खर्च होता है । कई बार वोल्टेज कम चलती है । करनाल के आस पास तो ऐसी तकलीफें बहुत बढ रही हैं । शाम और सुबह के वक्त बिजली घरों में लाईट के लिए भी नहीं मिलती, जब बच्चों के पढ्ने का

समय दोनों वक्त होता है । सवेरे पांच बजे बिजली अधिकतर भागती है, कभी ही 6– 7 बजे तक रहती है । (विघ्न) इसलिए मेहरबानी करके बिजली सप्लाई की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए । इसके बिना न खेती का काम और न लोगों के विकास के दूसरे काम चलेंगे ।

स्पीकर साहब, ऐनीमल हसबैन्डरी के बारे में भी मैं थोड़ा सा निवेदन करना चाहता हूं । मेरी प्रार्थना यह है कि जहां–जहां दूध पैदा करने वाले इलाके हैं उनका सर्वे किया जाए । जहां लोग पशु पालते हैं, जहां दूध ज्यादा पैदा हो सकता है, वहां थोड़ा सा सरकार का सहयोग मिलने से दूध की और बढ़ोतरी हो सकती है । नीलोखेडी का इलाका भी ऐसा है । वहां सर्वे करके दूध की पैदावार बढ़ाने का प्रयत्न किया जाए और उसके आस पास नीलोखेडी में या करनाल में दूध का संयंत्र लगाया जाए ताकि लोग ज्यादा दूध पैदा करें, उसकी खपत ज्यादा हो सके । और उनकी माली हालत भी सुधर सके । बिना जमीन का आदमी भी इससे अपना गुजारा कर सकता है अगर उसे दूध का ठीक दाम मिलने का आश्वासन मिल जाए, बैक से समय पर सहायता मिल जाए और एक भैस के दूध से भागने पर दूसरी भैस का भी प्रबन्ध हो जाए । यदि यूक भैस के दूध से भागने पर दूसरी भैस आपने नहीं दी तो पिछले पैसे भी आपके रूक जाएंगे क्योंकि कोई रोजगार उसके पास होगा नही । इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

स्पीकर साहब, आखिर में एक बात मैं इंडस्ट्रीज के बारे में कहना चाहता हूं । इंडस्ट्रीज की ओर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए । काटेज इंडष्ट्रीज जो हैं, घरेलू धन्धे जो हैं, उनकी ओर जब तक सरकार का ध्यान नहीं जाएगा बड़े उद्योगों से समानता नहीं आएगी, लोग बेकार फिरेंगे । जिस फैक्टरी में एक हजार मुलाजिम काम करते हैं वहां बड़ी–बड़ी मशीनें लगने से केवल 20– 30 आदमी ही काम कर लेते हैं । इससे बेरोजगारी बहुत बढती है । इसलिए छोटे छोटे कारखाने चलाने के लिए सरकार को योजना बनानी चाहिए और योजना बनाकर उसको गांव में चालू करना चाहिए । इसके बिना देश की समस्यायें हल नहीं होंगी ।

स्पीकर साहब, कहना तो मैं और भी चाहता था लेकिन क्योंकि आपकी घंटी बज ली है इसलिए मैं आपका धन्यवाद करता हु और सरकार से आपके द्वारा प्रार्थना करहा हूं कि वह इस ओर विशेष ध्यान दे ताकि हरियाणा के लोगों की समस्याओं का पूरा और सही –हूल हो । धन्यवाद ।

श्री मंशा राम (नौलथा) : स्पीकर साहब, हरियाणा के अन्दर इतनी तरक्की हो रही है कि कही जाकर देख लो चार चांद हरियाणा में लगे हुए हैं । हरियाणा मैंने उस टाईम भी देखा जब हैदराबाद में कांग्रेस सैशन हो रहा था । वहां जितने भी डैलीगेट्स गए थे एक धर्मशाला में ठहरे थे । हमारे मुख्य मन्त्री भी हमारे साथ थे । हुक गाड़ी हमें लेने आती थी लोग मजाक

किया करते थे कि ये आया राम और गया राम के प्रदेश से आए हैं । मैंनै आज का हरियाणा भी देखा जब मैं पंजाब का सैशन देखने गया । एक कामरेड ने जब हरियाणा ट्रांसपोर्ट की प्रशंसा की तो खुशी कें मारे मैं इतना फूल गया कि मेरे कोट के बटन भी टूट गये । यह कोई तारीफ की ही बात नहीं है । असल में बहुत अच्छी तरक्की हुई है । मिसाल के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि मैँने जब अपना इलैक्शन लड़ा तो मुझे कहीं कार से नहीं उतरना पड़ा, यह बात दूसरी है कि छोटे मोटे झगड़ों की वजह से कुछ एक टुकड़े कहीं कहीं पड़े हों ।

स्पीकर साहब, मैं अपने हल्के की कुछेक बातें आपकी मारफत सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं । कुछ दिन पहले पौ हलके में पिछले मुख्य मन्त्री चौधरी बंसी लाल जी गए थे । उनसे हुमने प्रार्थना की थी कि नम्बर 9 रजबाहे में से असराना जौन्दन के बीच से कारद, परदाना और शाहपुर माईनर्ज बननी बड़ी जरूरी हैं । इन गांवों का दस हजार एकड़ रकबा है । उसमें अपने गुप्ता जी ने भी सरकारी ट्यूबवैल लगाने वालों को वहां भेजा था लेकिन वे भी वहां नाकामयाब रहे। नम्बर 8 रजबाहे के बारे में भी मैं एक अर्ज करना चाहता हु । बलाना इसकी टेल है । बलाना से पलडी और माडी से धिमराडा माईनर्ज भी बननी चाहिए । इनका भी दस हजार एकड़ रकबा है । अगर ये बन जाए तो काफी एरिया की आबपाशी इनसे हे सकती हैं ।

स्पीकर साहब, मललौडा ब्लॉक एरिया में पानी खारी निकलता है । अपने टयूबवैल वहां कामयाब नहीं होते । इसलिए प्रार्थना है कि सरकारी ट्यूबवैल लगा कर वहां पानी दिया जारा । यह होना भी, स्पीकर साहब, बहुत जरूरी है ।

स्पीकर साहब, नौलथा हलके में बहुत ज्यादा ड्रेन्ज हैं । बिना खुदी होने के कारण चौमासे में उनमें बहुत ज्यादा पानी चढ़ जाता हए । मिसाल के तौर पर जैसे अटौला ड्रेन है । बिना खुदी होने के कारण उसमें पानी रूक जाता है । किसान को इससे बहुत' नुकसान होताहै । इसी तरह मांडो ड्रेन है । यह नई मन्जूर हुईहै । वह बाद और पुठर की तरफ नहीं जानी चाहिए । यह चमराडा मोडी की सोम को खोदकर ड्रेन नम्बर 8 में डाली जाए ।

स्पीकर साहब, मेरा बडा सादा सा हलका है । वहां नौलंथा में एक कालेज होना भी जरूरी है । शहर में जाए बिना ही बच्चे अगर वहां पढ़ जाएं तो बडी अच्छी यति होगी क्योंकि शहर में जाकर बच्चे बिगड़ जाते हैं ।

स्पीकर साहब, तीन चार गांव जैसे कायत, शाहपुर, बुआनालाखु और सराहना, ऐसे हैं जिनमें खारी पानी है । लोगों को बहुत इर से पानी लाना पड़ता है । एक टंकी का वहां होना बहुत जरूरी है ।

स्पीकर साहब, सरकार ने उरलाना कलां में एक मंडी मंजूर की थी । मती महोदय से मैं प्रार्थना करता हूं कि वह मंडी जल्दी से जल्दी बनाई जाए ।

स्पीकर साहब, नहर बुटाना ब्रांच पर घोड़ापुली है । वह टूटी है । उसको गाड़ी का पुल बनवाया जाए ।

एक हस्पताल के लिए अहर गांव में स्पीकर साहब, सात लाख रुपये मंजूर हैं । उसको पचास बैड का हस्पताल बनाया जाए, सरकार से मेरी यह प्रार्थना है । इन शब्दों के साथ, स्पीकर साहब, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्री ओम प्रकाश गर्ग (थानेसर) : स्पीकर साहब, वैसे तो मैं बजट के ऊपर बोल चुका हूं लेकिन चूंकि उस समय मैं अपने हलके की डिमांडज के बारे में नहीं कह सका इसलिए अब मैं उनकी तरफ सरकार का ध्यान आपके द्वारा दिलाना चाहता हूं । सबसे पहले मैं डिमांड नम्बर तीन को लूंगा । लाडवा के अन्दर एक पुलिस स्टेशन है । इसकी बिल्डिंग बड़ी पुरानी है । वह किसी वक्त पुराना किला था । उसमें रिहायशी क्वाटर्ज भी हैं । लोग वहां बड़े तंग और परेशान हैं । जमीन सैक्शन चार में कई साल से आई हुई है लेकिन अमल में अभी तक कुछ नहीं आया । मैं आपकी मारफत सरकार से यह दरख्वास्त करता हूं कि उस पर अमल दरामद करके थाना जल्दी से जल्दी बनाया जाए । रिहायशी क्वाटर्ज और बैरेक्स भी वहां बनवाई जाएं ।

डिमांड नम्बर 8, स्पीकर साहब, सड्कों के बारे में है । इसमें कोई शक की बात नहीं कि सड़के हरियाणा में बहुत बनी हैं लेकिन इनमें गैप्स बहुत पड़े हैं । मैं आपसे क्या अर्ज करूं कि मेरे हलके में मैप्स ही गैप्स हैं । लाडवा से मुस्तफाबाद वाली सडक को ही ले लीजिए । इस सडक पर अभी कुछ दिन पहले चौधरी माडू सिंह जी ने कालेज की क्लासिज का इनआगुरेशन किया था, माननीय चौधरी बंसी लाल जी ने कालेज का फाउंडेशन स्टोन रखा था, और कालेज का नाम इंदिरा गांधी नेशनल कालेज है । आपको जानकर खुशी होगी कि अपने माननीय गवर्नर साहब ने तीस नवम्बर को बिल्डिग का इन–आगुरेशन किया था । लेकिन इस सड़क पर भी गैप है । पुल एक बनना है । वह अगर बन जाए तो जहां लोगों को, कालेज के विद्यार्थियों को फायदा पहुंचेगा वहां ट्रांसपोर्ट डिपार्टमैंट को भी इतना फायदा पहुंचेगा जिसका कोई शुमार नहीं क्योंकि लाडवा से मुस्तफाबाद की ट्रैफिक चालू हो जाएगी । इसी नाम से यह सड़क मन्जूर है । इसी तरह से बवैन से अकालगढ की सड़क के मुताल्लिक आपको जानकर ताज्जुब होगा कि गांवों वालों ने इस सड़क के लिए शेयर दिया हुआ है लेकिन अभी भी अधूरी पड़ी हुई है । इस सडक के अन्दर गैप है जिसकी वजह से सारी सड़क बेकार है । लाडवा पिपली से गाढली सड़क, लाडवा पिपली से मुमीयापुर, मैदाना से बगरट, पहलादपुर से जलाउदीन माजरा, लाडवा से. सम्भालखा इन सड्कों को भी बनाना बहुत ही जरूरी है । आपको यह बात सुनकर ताज्जुब होगा कि लाडवा से हनौरी वाली सड़क बहिन प्रसन्नी देवी

जी के हलके में भी जाती है । उस सड़क का शेयर एक लाख से ऊपर रुपया लोगों ने भी दाखिल किया हुआ है । यह सड़क अब भी अधूरी पड़ी हुई है । यह खादर का एरिया है । इस सड़क को कभी चालू कर देते हैं और कभी बन्द कर दिया जाता है । मेरी आपसे दरखास्त है कि इसको जल्दी से जल्दी चालू किया जाये । लाडवा से बपदा, लाडवा हनौरी रोड से बपदी, लाडवा से रायपुर वाया पडोत सलीम पुर वाया रायतखाना, त्नाडवा से भूत माजरा, जीन्द हैडा से छलौन्दी आदि सड़कों को भी बनाया जाना बहुत जरूरी है ।

आपको यह जानकर ताज्जूब होगा कि भिवानी खेड़ा से लूखी का अभी तक पुल नहीं बना । पुल न बनने के कारण वह सडक बेकार होती जा रही छउ । अगर वहां पर पुल बना दिया जाये तो वह बड़ी अच्छी सड़क चल सकती है । जोतिसर से इनदबडी वाली सड़क भी बननी बहुत ही जरूरी है । इसके न बनने से लोगों को काफी दिक्कत है । कुरुक्षेत्र से बखयाला वाली सड़क में गैप है इसको भी पूरा कर दिया जाये तो लोगों को आराम हो सकता है । इस गैप के होने से सड़क बेकार है ।

आपसे मैंने पहले भी अर्ज की है कि लाडवा मंडी बहुत बढ़िया मंडी बनी है । फौरन की जब कोई टीम आती है तो लाडवा मंडी को दिखाने के लिए ले जाते हैं । हिन्दुस्तान भर में लाडवा मंडी जैसी मंडी नहीं है लेकिन इसके साथ ही साथ वहां पर अरबन अस्टेट की भी आवश्यकता है । जब तक वहां पर

अरबन अस्टेट की कालोनी नहीं बनेगी तब तक लोगों को काफी परेशानी और दिक्कत रहेगी । वहां के लोगों की बड़ी जबरदस्त डिमान्ड है । वहां पर सैक्शन चार के नोटिस इशू करा कर जमीन एक्वायर कर ली जाये । पहले एक बार नोटिस इशू कराकर जगह एक्वायर क्र लें, फिर अपने ढंग से जैसा भी ठीक समझें वैसा कर लें।

दूसरी डिमान्ड मेरी इरीगेशन के मुताल्लिक है । इरीगेशन और बिजली के बारे में जो काम हमारी गवर्नमैंट ने किया वह मेरे ख्याल में काफी सराहनीय काम है । हो सकता है कि इतना काम किसी भी प्रदेश में न हुआ हो । (चौधरी रिजक राम जी की ओर से विघ्न) चौधरी साहब आप तो जमना में पानी की बात करते हैं, मैं तो छोटी सी नहर की बात करना चाहता हूं । जो भी एक बार आई ० पी ० एम ० रह जाता है उसके दिमाग से नहरें नहीं निकलती हें । मेरे दिमाग में तो एक छोटी सी नदी की योजना है । स्पीकर साहब राक्षसी, चतंग दो बरसाती नदियां हैं । अगर इन नदियों को रैपूलर कर दिया जाये तो फिर फ्लड के टाईम पर उन नदियों का पानी हमारे इलाके को दे दिया जाये । फ्लड के टाईम पर उन नदियों को हमारे इलाके को बड़ा लाभ होता है । हमारे इलाके को बड़ा शैराब करती है । जब वे ओवर फलो होती हैं तो पैडी को बड़ा फायदा पहुंचाती हैं । हमारे यहां इस नदी का पाना आने से इस साल भी बडी अच्छी पैडी हुई है । जब यह नदी ओवर फलों होती है तो इसके पानी को जमना में

डालते हैं– । अगर यह रैगूलर ढंग से चलें तो पानी ओवर फलों हो कर खेतों में जाये तो उससे पैडी अच्छी हो सकती है ।

तीसरी चीज इन्डस्ट्री के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । बड़ी बड़ी इन्डस्ट्रीज लग रही हैं । बहुत सी जगहों पर लग रही है । फरीदाबाद और पानीपत में लग रही हैं । आप जानते हे कि जहां पर भी इन्डस्ट्रीज लग गई वहां पर लेबर क्लास और मिडल क्लास की हालत सुधर जाती है । मैं सरकार से आपकी मार्फत दरखास्त करना चाहता हूं कि कुरुक्षेत्र और पिपली को भी इस के लिये कन्सिडर किया जाये । कुरूक्षेत्र और पीपली ऐसी जगह हैं, जब पिपली के अन्दर ट्ररिस्ट उतरते हैं तो वे कुरुक्षेत्र को देखने के लिए जाते हैं । जहां वे धार्मिक स्थान को देखने के लिए जाते हैं तो उनको वहां अच्छी इन्डस्ट्री भी देखने को मिले तो और भी अच्छा रहेगा । वहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।

मैं थोड़ा सा डिमान्ड नम्बर 18 के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं । इसमें कोई सन्देह नहीं कि कितने ही मिल्क–प्लांट लग गये हैं मगर मेरे इलाके में कोई मिल्क प्लांट नहीं है । मेरा सरकार से इस बारे में गिला है कि जब और इलाकों में डेरीज का इस तरह से विस्तार किया जा रहा है तो पिपली या लाडवा में मिल्क प्लांट लगाया जाना चाहिए । ऐसा करने से लोगों को रोजगार मिल सकता है । गरीब लोगों को रोजगार के लिये यह सब से बड़ा साधन हो सकता है।

एक मैम्बर : मिल्क प्लांट लगने के बाद तो छाछ भी नहीं मिलती है।

श्री ओम प्रकाश गर्ग : मैं तो स्पीकर साहब अर्ज कर रहा था कि जिस तरीके से विस्तार हो रहा है और योजनाये बनायी जा रही हैं तो लाडवा में जरूर मिल्क प्लांट बनना चाहिए । लाडवा का जो दूध है वह यमुना नगर होते हुए. यू ० पी ० में जाता है । अगर यहां पर मिल्क प्लांट लगा दिया जाये तो इस सारे इलाके के लोगों को सहूलियत हो जायेगी । हमारे हरियाणा का दूध हरियाणा में ही रह जायेगा ।

मैं स्पीकर साहब ज्यादा समय न लेते हुए आपका धन्यवाद करता हूं और आपकी मार्फत फिर रिक्वैस्ट करता हूं कि जो मेरी डिमान्डज हैं वे सभी मुनासिब और उचित हैं । सरकार को इन पर गौर करना चाहिए और इनको पूरा करना चाहिए । यही मेरी अर्ज है । आपका धन्यवाद, आपने बोलने के लिए समय दिया ।

चौधरी प्रभु सिंह (छछरौली एस० सी०): स्पीकर साहब आपके जरिए मैं चीफ मिनिस्टर साहब को धन्यवाद देता हूं कि वे हरेक बात को पूरी तसल्ली से कहते हैं और जो भी बात कहते हैं उसको पूरा करते हैं । इसलिए थोड़ी सी मेरे हलके की डिमान्डज हैं उनकी तरफ उनका ध्यान दिलाना चाहता हूं । मेरे हलके में गन्ना बहुत ज्यादा होता है । जैसे कि और जगहों पर शूगर मिल

लगाये जा रहे हैं तो इसी प्रकार मेरे हलके में भी एक शूगर मिल लगाया जाये । शूगर मिल लग जाने से मेरे इलाके को बहुत फायदा पहुंचेगा और गन्ने का रेट भी अच्छा मिलेगा ।

सरकार ने वाटर सप्लाई सिस्टम चालू किया हए । वाटर सप्लाई स्कीम मेरे हलके में चालू नहीं हुई है । मेरा हलका एक बैकवर्ड हल्का है । मैं सरकार से दरखास्त करूंगा कि कई गांवों के लोग ऐसे हैं जो नहरों का पानी पीते हैं । जैसे हमारे यहां रेनवाड हैं वहां पर पानी की बड़ी दिक्कत है । मैं सरकार से दरखास्त करूंगा वहां पर वाटर सप्लाई स्कीम चालू की जाये ताकि उन लोगों को मीठा पानी मिल सके ।

स्पीकर साहब मैं आपके जरिए अपने एजूकेशन मिनिस्टर साहब का ध्यान भी अपने इलाके की तरफ दिलाना चाहता हूं । मेरे इलाके में खीजराबाद गर्ल्ज स्कूल है । उसकी बिल्डिंग बहुत पुरानी है । अब तो बिल्कुल छप्पर से ही काम चला रखा है । एक कच्चा सा कोठड़ा बना हुआ है । इसलिए मेरी दरखास्त है कि उसको पक्का बनाया जाये या हमारे यहां हास्पिटल की अब नयी बिल्डिंग बन गई है और वह दूसरी बिल्डिंग में चला गया है । वह बिल्डिंग खाली पड़ी हुई है । उस खाली बिल्डिंग में उस गर्ल्ज स्कूल को शिफ्ट कर दिया जाये तो बच्चों की तकलीफ बच जायेगी । स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये सरकार का ध्यान गांव की एक समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । मैंने अपनी आंखों से देखा है, पहले गांवों के अन्दर बहुत जोर से मलेरिया होता था

लेकिन सरकार ने मलेरिया की रोकथाम के लिये बहुत अच्छा इन्तजाम किया और अब मेरे ख्याल में मलेरिया बिल्कुल भी नहीं है । अगर वहां पर गन्दगी का ध्यान न रखा गया तो यह मलेरिया दोबारा भी हो सकता है । एक तो सरकार ने जो गांव के लिये एप्रोच रोड्ज दी हैं उन पर बडी गन्दगी होती एं और दूसरे वैसे भी गांव में गन्दगी रहती है, इससे मलेरिया का दोबारा होने का खतरा रहता है । इसलिये मेरा सुझाव है कि गांव–गांव के अन्दर टट्टियां बनायी जायें ताकि गांव के लोगों को फायदा हो और सरकार को भी मलेरिया की रोकथाम फिर नहीं करनी पड़ेगी और सहूलियत होगी । स्पीकर साहब. मैं आपके जरिये सरकार से एक और दरखास्त करूंगा । जैसे सरकार गांव–गांव में डिपो दे रही हैं, इससे बहुत लाभ होगा । लेकिन मेरी अर्ज यह है कि जो गांव के लिये डिपो बनाये जाते हैं, इस बात में खास तौर पर हरिजनों का भी ध्यान रखा जाये । गांव–गांव में कपड़े वगैरा के, चीनी वगैरा के और खाद वगैरा के, डिपो जल्दी से जल्दी खोले जायें ताकि गरीब आदमियों को इससे राहत पहुंचे । स्पीकर साहब मैं आखिर में एक बात और कह दूं । जैसे कि मैंने पहले भी अर्ज किया था, मेरा अपना गांव है वहां से 6 फर्लांग पर बस–अड्डा है । वहां तक जाने के लिये कोई सड़क नहीं मैं सरकार से यह कहूंगा कि गांव से वहां तक सड़क बना दी जाये ताकि लोगों कौ आने–जाने में दिक्कत न हो । आपने मुझे बोरनने के लिये टाईम दिया.. इसके लिये आपका धन्यवाद ।

वित्त मंत्री (श्री राम सरन चन्द मित्तल) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, जब सप्लीमेंट्री बजट पर माननीय शिव राम वर्मा जी की तरफ से बहस शुरू होने लगी तो आपने सदस्यों का इस ओर ध्यान दिलाया था कि इस सप्लीमेंट्री बजट के अन्दर या सप्लीमैंट्री ग्रान्ट्स में जो प्रोपोजल्ज हैं, उन्हीं पर बहस हो रही है न कि जनरल बजट पर बहस हो रही है । तो इससे मेरा काम यूं आसान हो गया कि दरअसल जो प्रोपोजल्ज इन सप्लीमैंट्री एस्टीमेटस में हैं, उनके ऊपर तो किसी ने खास नुक्ताचीनी की नहीं, जैसे गवर्नर्ज एडैरस पर या जनरल बजट पर डिमान्ड्ज रखीं, उसी तरह से इसमें भी अपने हलके की डिमान्ड्ज रखीं । उसके मुताल्लिक मैं पहले ही अर्ज कर चुका द्रूं कि सम्बन्धित विभाग इन तमाम डिमान्डज और जरूरियात पर पूरा–पूरा तौर करेंगे ।

इसके अलावा दो बातें मैं अर्ज कर देना चाहता हूं । एक बात तो मैं एग्रीकल्चर के बारे में कह देना चाहता हूं कि दरअसल फसल का इतना ध्यान दिया जाता है कि सरसों या कुछ और चीजों पर जब बीमारी पैदा हो गयी थी तो हमने मेवात में उस के ऊपर एरियल स्प्रे करवाया और उस पर 8 लाख रुपया खर्च किया गया । इस तरह से एग्रीकल्चर पर सरकार पूरा–पूरा ध्यान दे रही है ।

लाला गौरी शंकर ने यह कहा था कि बाजरे का बीज ठीक नहीं है । उनकी यह बात बिल्कुल ठीक है कि बाजरे का बीज जो दक्षिण से आया है, वह बिल्कुल ठीक नहीं था । वह

हमने बन्द कर दिया है और आइन्दा अच्छा बीज, चाहे यूनिवर्सिटी से लें या कहीं और से लें, लिया जायेगा । मैं समझता हूं कि मुझे इससे ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि मैंने पहले ही सब अर्ज कर दिया है । इसलिये अब इन डिमान्डज को पास किया जाये ।

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5,45,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 1—Vidhan Sabha.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10,43,022 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 2—General Administration.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,59,29,670 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 3—Home.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 45,43,880 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 4—Revenue.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,97,10,910 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 6—Finance.

The motion was carried .

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 89,87,100 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 8—Buildings and Roads.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,22,29,147 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No.9— Education.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 14,27,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No .11-Urban Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,81,450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No 12—Labour and

Employment.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 52,89,450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 13—Social Welfare and Rehabilitation.

The motion was carried.

Mr Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10,66,88.430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 15—Irrigation.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 16—Industries.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,59,77,760 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 17— Agriculture .

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 18—Animal Husbandry.

The motion was carried.

Mr Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 7,28,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 20—Forest

That a supplementary sum not exceeding Rs. 26,10,380 be granted to the Governor to defray the chargse that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 21—Community Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 6,47,830 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No.22— Cooperation.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 8,80,760 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 24—Tourism.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 9,53,85,410 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1976 in respect of Demand No. 25—Loans and Advances by State Government.

The motion was carried.

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 2.00 p.m. on Tuesday, the 27th January, 1976.

12.57 बजे

(The Sabha then* adjourned till 2.00 p.m. on Tuesday, the 27th January. 1976.)